तापमान
अधिकतम 33.4 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025


जिला प्रशासन द्वारा मतदान के लिए प्रेरित करने बनाई गई रंगोली।



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# एक करोड़ की चुनावी शराब जब्त, कार व 2 आरोपी भी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय निकाय चुनाव से ठीक पहले आबकारी विभाग ने बिल्हा के पास छतौना में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान एक हजार पेटी ब्लैक डाट नामक शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत एक करोड़ बताई जा रही है। 2 आरोपियों से शराब सप्लाई में उपयोग की गई कार भी जब्त की गई ।

चुनाव में खपाने उक्त शराब रायपुर के रास्ते बिलासपुर लाई जा रही थी। जब्त शराब बिना होलग्राम की है, जिसका परमिट नेशनल डिस्टलरी नार्थ गोवा से ओगाना जनरल ट्रेडिंग भूटान के लिए बना है, लेकिन पकड़े गए आरोपियों ने इसे भी फर्जी बताया है, जिसके बाद विभाग के अधिकारियों का माथा ठनक गया। आबकारी विभाग ने बिना परमिट शराब लाने का मामला बनाया है और अम्बाला के ड्रायवर शिव कुमार सैनी और डिलिवरी बॉय ग्रेटर नोयडा निवासी रवि शर्मा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने ही कई खुलासे किए है। बताया जा रहा है कि जिस कंटेनर को आबकारी विभाग ने जब्त किया है, वहीं अम्बाला के बलदेव सिंह की गाड़ी है।




» नगरीय निकाय चुनाव में खपाने का था प्रयास

» शहर के दो लोगों का नाम भी आया सामने







### दो लोगों का नाम आया सामने

पकड़े गए आरोपियों ने शहर के दो लोगों जय बघेल और पकंज सिंह का नाम बताया है। बताया जा रहा है कि जय बघेल 4 साल पहले आबकारी विभाग में सुपरवाइजर पद पर काम कर चुका है, वह शराब दुकानों में सुपरवाइजर की हैसियत से बैठता था। उसकी हरकतों के चलते उसे हटाया गया था।

### वित्तीय वर्ष की बड़ी कार्रवाई

आबकारी विभाग ने रेड मार कर जिस कंटेनर को जब्त किया है। उसकी कीमत 30 लाख रूपए के आसपास है, जिसमें 1 हजार पेटी शराब मिली है। विभाग के अनुसार 8 हजार 928 लीटर शराब मिली है, जिसकी कीमत 1 करोड़ रूपए है। वहीं डिलीवर बॉय से 12 लाख की क्रेटा भी जब्त की गई है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार वित्तीय वर्ष में यह कार्रवाई 1 करोड़ 65 लाख के करीब है। आरोपियों से कंटेनर एचआर 68 क्यू 4165 और सप्लाई के लिए उपयोग होने वाले क्रेटा क्रमांक यूपी 37 एक्स 4803 को जब्त कर लिया है।

**फर्जी परमिट के सहारे गोवा से भूटान के लिए निकली थी गाड़ी**




### इस कोड के साथ करते हैं सप्लाई

डिलीवरी ब्वाय ग्रेटर नोयडा के रवि शर्मा ने बताया कि शराब की डिलिवरी के लिए उन्होंने जय मां लक्ष्मी का कोड उपयोग किया है। शराब राजनांदगांव से रायपुर और रायपुर से बिलासपुर लाई जा रही थी।

### की गई कार्रवाई

राज्य व डिविजनल टीम ने चकरभाठा थाना क्षेत्र के छतवना से एक कंटेनर में लाई जा रही 1 हजार पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। इसकी कीमत 1 करोड़ रूपए आंकी गई है। परमिट के अनुसार यह शराब गोवा से भूटान जा रही थी, लेकिन पूछताछ में परमिट फर्जी पाई गई है। शराब को चुनाव में खपाने की आशंका थी। मामले में ड्राइवर और डिलीवरी मैन को गिरफ्तार किया गया है।

**- नवनीत तिवारी**, सहायक आयुक्त, आबकारी

## खबर संक्षेप

### तीन महिलाओं से 690 लीटर महुआ शराब जब्त

**बिलासपुर।** दर्शनार्थी बनी पुलिस ने भनवारटंक मंदिर के पास दबिश देकर तीन कोचिया महिलाओं को पकड़ लिया है। उनके पास से 690 लीटर महुआ शराब शराब व 1 हजार 620 रुपए बिक्री रकम जब्त की गई है। पुलिस ने तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। बेलगहना चौकी प्रभारी भावेश सेंडे को सूचना मिली कि भनवारटंक मरहीमाता दर्शनीय स्थल के पास महिलाएं अवैध रूप से भारी मात्रा में महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही हैं। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर प्रभारी श्री सेंडे स्टाफ के साथ सिविल ड्रेस में दर्शनार्थी बनकर मंदिर गए और आसपास पूरे क्षेत्र में सर्चिंग की। इस दौरान तीजन बाई सुल्तान पति गोरे सुल्तान 50 साल ग्राम करवा, गिरजा बाई नेताम पति स्व. तुलाराम नेताम 42 साल ग्राम अटड्डा, रेशमा बेगम पति सफीक खान 45 साल टेंगनमाड़ा बेलगहना निवासी को महुआ शराब बेचते पकड़ लिया गया। पुलिस ने तीनों महिलाओं के पास से 690 लीटर महुआ शराब व 1 हजार 620 रुपए बरामद किया गया है। पुलिस ने शराब जब्त कर तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है।

### 225 लीटर शराब लहान जब्त

शराब पीने से हुई मौत के बाद आबकारी विभाग ने शनिवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कोनी क्षेत्र से सवा 2 सौ लीटर शराब और 225 किलो लहान जब्त किया है। इस दौरान विभाग ने 14 प्रकरण बनाए हैं और 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण के निर्देश और सहायक आयुक्त आबकारी नवनीत तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने चुनाव से ठीक पहले अवैध शराब पर कार्रवाई की है। कोनी थाना अंतर्गत ग्राम अमतरा, धनवारपरा, कछार, निरतु, घुटकू, थाना कलमीटार लमेर थाना कोटा, सेंदरी थाना रतनपुर, कोटा डोमगाँव मस्तूरी, लावर थाना मस्तूरी सोनसरी, थाना पचपेड़ी में कार्रवाई करते हुए। 14 जगहों पर छापे मारे गए, विभाग ने 14 प्रकरण बनाया है। विभाग की ओर से 227.75 लीटर महुआ शराब व 225 किलो महुआ लहान जब्त किया गया है। इस दौरान 13 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। जिसमें विभाग के द्वारा 11 अजमानतीय प्रकरण बनाया गया है। देर रात तक अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रही।

### 635 मतदान केन्द्रों में होगी वोटिंग, सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा मतदान

# 7 नगरीय निकायों के 506 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय निकाय आम चुनाव की तैयारी पूर्ण हो गई है। मंगलवार 11 फरवरी को जिले अंतर्गत सातों नगरीय निकायों में सुबह 8 बजे शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी और नगर पालिक निगम बिलासपुर समेत नगर पालिका परिषद तखतपुर, रतनपुर, बोदरी व नगर पंचायत बिल्हा, कोटा, मल्हार के 635 मतदान केन्द्रों में वोटिंग होगी। इस चुनाव में महापौर, अध्यक्ष और पार्षदों को मिलाकर कुल 506 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला इन नगरीय निकायों के 5 लाख 99 हजार 71 मतदाता करेंगे।

नगरीय निकाय आम निर्वाचन तहत जिले के सातों नगरीय निकायों में चुनाव की तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया जाता रहा। नगर पालिक निगम बिलासपुर में 70 वार्डों के लिए 223 पार्षद के प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि महापौर पद के लिए 8 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें प्रमुख रूप से मुकाबला भाजपा प्रत्याशी एल पद्मजा पूजा विधानी एवं कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद नायक के बीच है। इसी तरह नगर पालिका परिषद तखतपुर के 15 वार्डों में पार्षद के लिए 40 प्रत्याशी और अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला हो रहा है। नगर पालिक परिषद रतनपुर के 15 वार्डों में पार्षद के लिए 47 प्रत्याशी एवं अध्यक्ष पद के लिए 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। नगर पालिक परिषद बोदरी में भी 15 वार्डों में पार्षद के लिए 43 प्रत्याशी तथा अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशियों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। इसके अलावा नगर पंचायत बिल्हा के 15 वार्डों में 38 पार्षद प्रत्याशी तथा अध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला हो रहा है। नगर पंचायत कोटा में 15 वार्डों के पार्षद के 37 प्रत्याशी एवं अध्यक्ष के 3 प्रत्याशियों के बीच टक्कर है। इसी प्रकार नगर पंचायत मल्हार में 15 वार्डों में पार्षद के 44 प्रत्याशियों एवं अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों के मुकाबला है। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला इन सातों नगरीय निकायों के 5 लाख 99 हजार 71 मतदाता करेंगे। मतदान सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगा और मतदान शाम 5 बजे तक चलेगा।

**5 लाख 99 हजार 71 मतदाता**



मतदान के लिए सज धजकर तैयार केंद्र।

| | | |
|---|---|---|
| नगर पालिक निगम बिलासपुर | 508658 मतदाता | 509 मतदान केन्द्र |
| नगर पालिक परिषद तखतपुर | 19411 मतदाता | 25 मतदान केन्द्र |
| नगर पालिक परिषद रतनपुर | 21085 मतदाता | 29 मतदान केन्द्र |
| नगर पालिक परिषद बोदरी | 17064 मतदाता | 21 मतदान केन्द्र |
| नगर पंचायत बिल्हा | 9343 मतदाता | 15 मतदान केन्द्र |
| नगर पंचायत कोटा | 15603 मतदाता | 17 मतदान केन्द्र |
| नगर पंचायत मल्हार | 7901 मतदाता | 15 मतदान केन्द्र |

### घर-घर दस्तक देते रहे प्रत्याशी

नगरीय निकाय चुनाव के लिए रविवार रात्रि 12 बजे के बाद से चुनावी शोरगुल थम गया है, इसलिए आज प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ गली-मोहल्लों, आवासीय कालोनियों के घरों-घर दस्तक देते रहे और जनसंपर्क कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील करते रहे। इस दौरान किसी तरह के बाजे-गाजे या लाउडस्पीकर का शोर नहीं था और न ही प्रचार वाहन दौड़ते नजर आए। प्रत्याशी पैदल-पैदल ही लोगों से मिलकर वोट मांगते रहे। इसके अलावा देर रात तक अपने पक्ष में मतदान कराने चुनावी गणितबाजी भी चलती रही।

### महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

जिले के सात नगरीय निकायों में कुल 7 लाख 99 हजार 71 मतदाता अपने-अपने क्षेत्रों के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक है। महिला मतदाताओं की संख्या 3 लाख 2 हजार 90 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 2 लाख 96 हजार 900 है। इस तरह से नगरीय निकाय सरकार चुनने में महिला मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## मतदान केंद्रो में पुलिस बल तैनात, पेट्रोलिंग पार्टी करती रही गश्त

पुलिस प्रशासन ने नगर निगम के 70 वार्डों के 509 मतदान केंद्रो में सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया है। वहीं लगातार पेट्रोलिंग पार्टी नगर निगम क्षेत्र में गश्त लगाकर आपत्तिजनक सामान व उपद्रव मचाने वालों पर नजर रखती रही। मतदान के दौरान पेट्रोलिंग पार्टी लगातार फेरा लगाती रहेगी।

एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर नगर निगम के 70 वार्डों के 509 मतदान केंद्रो में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने 361 पुलिस अधिकारी व जवान, 150 नगर सेना, 10 एसईसीएल बल, 113 वन विभाग, 61 कोटवारों की ड्यूटी लगा दी गई थी। वहीं 32 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई है। 10 फरवरी की शाम सभी मतदान केंद्रो में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। वहीं पेट्रोलिंग पार्टी लगातार पेट्रोलिग कर आपत्तिजनक सामान बांटने वाले व असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही थी। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, 11 फरवरी को मतदान के दौरान एक पेट्रोलिंग पार्टी 2 से 3 मतदान केंद्रो को कवर करेंगी। लगातार पेट्रोलिंग कर व्यवस्था का जायजा लेती रहेगी। विवाद होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह राजपत्रित अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे। वहीं पुलिस लाइन में बड़ी संख्या रिजर्व बल रखा गया है। विवाद की स्थिति होने पर पुलिस लाइन से रिर्जव बल को मतदान केंद्रों में भेजा जाएगा।

**रूपयों से भरे कई लिफाफे नाले में फेंके**



# पैसा बांटने को लेकर हंगामा, पार्षद प्रत्याशी का वीडियो वायरल



यदुनंदननगर में नाले से रूपए निकालता युवक।

**बिलासपुर।** भाजपा पार्षद प्रत्याशी द्वारा चुनाव में पैसा बांटने को लेकर तिफरा क्षेत्र में जमकर हंगामा हुआ, लोगों द्वारा पकड़े जाने पर प्रत्याशी ने रूपयों से भरा लिफाफा नाले में फेंक दिया। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद निर्वाचन विभाग से शिकायत करने की बात कही जाती रही।

बिलासपुर नगर निगम चुनाव में वार्ड क्रमांक 7 के भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्याम कार्तिक को स्थानीय लोगों ने पैसे बांटते हुए पकड़ा है। प्रत्याशी ने घबराकर पैसों से भरा लिफाफा नाले में फेंक दिया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। मामला यदुनंदन नगर के बीड़ी मजदूर कॉलोनी एरिया का है। भाजपा प्रत्याशी का पैसा बांटने वाला जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें लिफाफे नाले में बहते दिख रहे हैं। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि लिफाफे को नाले से निकालो, निकालो। इसके बाद एक युवक नाले में उतरता है। वहां से 10-15 लिफाफों को नाले से निकालता है, उन लिफाफों से 200-200 के नोट निकले हैं।

### लोगों ने प्रत्याशी को घेरा

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 15-20 लोग भाजपा पार्षद प्रत्याशी को घेर लिए हैं। वे पैसे बांटने से रोकते हैं। लिफाफे को चेक कराने बोलते हैं। इस दौरान पार्षद प्रत्याशी डर जाता है कि कहीं उसकी ये हरकत लोगों को पता न चल जाए। वह बिना देर किए कॉलोनी में ही सड़क किनारे लिफाफे को नाले में डाल देता है।

### दूसरी बार लड़ रहे चुनाव

भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्याम कार्तिक वार्ड क्रमांक 7 कालिका नगर तिफरा से दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। पहली बार वे खुद पार्षद थे। दूसरी बार उनकी पत्नी अनीता वर्मा पार्षद रहीं। अब पत्नी के बाद उन्हें बीजेपी ने पार्षद प्रत्याशी बनाया है। श्याम कार्तिक का मुकाबला कांग्रेस के रहस्य सूर्यवंशी से है।

### कांग्रेस ने लगाया आरोप

इस मामले को लेकर कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि भाजपा नगर निगम के चुनाव में घबरा गई है, इसलिए पैसों के दम पर दबावपूर्वक और छलकर चुनाव को जीतना चाहती है। यह भाजपा का चरित्र, उनका चेहरा मतदाताओं के सामने आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी श्याम कार्तिक पैसे बांटते रंगे हाथों पकड़ा गया है। श्री केशरवानी ने कहा कि हमने निर्वाचन अधिकारी से इसकी शिकायत की है। चुनाव आयोग से मांग करते हैं कि निष्पक्ष होकर लोकतंत्र के हिसाब से चुनाव हो, संविधान के हिसाब से चुनाव हो।

### नहीं मिली शिकायत

पार्षद प्रत्याशी द्वारा पैसा बांटने जैसी कोई शिकायत मेरे पास नहीं आई है। अगर जिला कार्यालय में कोई शिकायत हुई होगी तो उसकी जानकारी मुझे नहीं है।

**- पीयूष तिवारी**, एसडीएम, बिलासपुर

### 4 वार्ड तखतपुर, 8 वार्ड बिल्हा, 12 वार्ड बेलतरा तो 2 वार्ड मस्तूरी विधानसभा में

# 26 वार्डों के 1 लाख 70 हजार मतदाता पहली बार चुनेंगे मेयर

**बिलासपुर।** निगम के कुल 70 वार्डों में से 26 वार्डों के एक लाख 70 हजार से अधिक वोटर पहली बार महापौर के लिए प्रत्यक्ष तौर पर वोटिंग करते हुए अपना नेता चुनेंगे। ध्यान रहे कि 2019 में निकाय चुनाव से पहले निगम में 18 पंचायतों को शामिल तो कर लिया गया था लेकिन उस चुनाव में सिर्फ पार्षद के लिए वोटिंग हुई थी। चुनाव के बाद पार्षदों ने महापौर का चुनाव किया था और कांग्रेस के रामशरण यादव महापौर बने थे। इस बार लेकिन शासन ने इसे बदलते हुए पार्षद और महापौर के लिए वोटिंग कराने का फैसला लिया है।

बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में कुल 70 वार्ड आते हैं। इसमें कुल 5 लाख 6 हजार 162 मतदाता है। इसमें 2 लाख 49 हजार 231 पुरुष मतदाता तो 2 दो लाख 47 हजार 825 महिला मतदाता शामिल हैं। 2019 के निकाय चुनाव की बात करें तो कुल 66 वार्ड थे जिन्हें बाद में बढ़ाकर 70 किया गया। परिसीमन के बाद जो स्थिति बनी उसमें 24 वार्ड नए शामिल पंचायतों को मिलाकर बनाए गए तो 36 वार्ड शहरी क्षेत्र में हैं।

**36 से शुरू हुआ सफर 70 तक पहुंचा**

ज्ञात हो कि बिलासपुर नगर पालिका का गठन 1867 में हुआ था। तब वार्डों की संख्या 36 थी। एक जनवरी 1981 को नगर निगम का गठन किया गया। वार्डों की संख्या बढ़ाते हुए 42 कर दी गई। वर्ष 1994 में फिर वार्डों की संख्या बढ़ाकर 48 की गई। इसके बाद 1997 में रेलवे के सात वार्डों को शामिल गया गया। इससे वार्डों की संख्या 55 पहुंच गई। 2014 में 11 और वार्ड जोड़े गए हैं, इस तरह बिलासपुर नगर निगम में 66 वार्ड बने हैं। बाद में 2019 में नए क्षेत्र जुड़ने पर कुल 70 वार्ड किए गए।

### निगम की सीमा में शामिल क्षेत्र

**बिलासपुर नगर निगम**
- कुल मतदाता- 5 लाख 6 हजार 162
- पुरुष मतदाता- 2 लाख 49 हजार 231
- महिला मतदाता- 2 दो लाख 47 हजार 825

**नगर पालिका- तिफरा**
- नगर पंचायत- सिरगिट्टी और सकरी
- ग्राम पंचायत- मंगला, उस्लापुर, अमेरी, घुरू, परसदा, दोमुहानी, देवरीखुर्द, मोपका, चिल्हाटी, लिंगियाडीह, बिजौर, बहतराई, खमतराई, कोनी और बिरकोना।

**तखतपुर विधानसभा**
- वार्ड क्र. 1 बजरंग नगर
- वार्ड क्र. 2 अब्दुल कलाम नगर
- वार्ड क्र. 3 सांई नगर उसलापुर
- वार्ड क्र. 4 गोकुल नगर

**बिल्हा विधानसभा**
- वार्ड क्र. 5 डॉ. खूबचंद बघेल नगर
- वार्ड क्र. 6 यदुनंदन नगर
- वार्ड क्र. 7 कालिका नगर
- वार्ड क्र. 8 चित्रकांत जायसवाल नगर
- वार्ड क्र. 9 यातायात नगर
- वार्ड क्र. 10 गुरुगोविंद सिंह नगर
- वार्ड क्र. 11 संत कबीर दास नगर
- वार्ड क्र. 12 बूढ़ादेव नगर



**मस्तूरी विधानसभा**
- वार्ड क्रमांक 42 शहीद चंद्रशेखर आजाद नगर
- वार्ड क्रमांक 43 बंशीलाल घृतलहरे नगर

**बेलतरा विधानसभा**
- वार्ड क्र. 13 पं. दीनदयाल मंगला नगर
- वार्ड क्र. 14 मिनीमाता नगर
- वार्ड क्र. 47 पं. रामगोपाल तिवारी नगर
- वार्ड क्र. 48 बिसाहू दास महंत नगर
- वार्ड क्र. 49 बीआर यादव नगर
- वार्ड क्र. 50 बैरिस्टर छेदीलाल नगर
- वार्ड क्र. 51 राजकिशोर नगर
- वार्ड क्र. 52 रविन्द्रनाथ टैगोर नगर
- वार्ड क्र. 58 रानी दुर्गावती नगर
- वार्ड क्र. 64 महामाया नगर
- वार्ड क्र. 67 विद्यासागर नगर
- वार्ड क्र. 68 रामकृष्ण परमहंस नगर

## बड़ी कोनी में कांग्रेस-भाजपा नेताओं के बीच मारपीट

बड़ी कोनी में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी के भाई को पैसा बांटने के संदेह पर पकड़ लिया, जिससे भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हो गई। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी के भाई के जेब की तलाशी ली तो 100 व 500 रुपए की गड्डी निकली। पुलिस उसे पकड़कर थाने ले गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए जमकर हंगामा मचाया। कोनी पुलिस के अनुसार, 10 फरवरी की रात भाजपा प्रत्याशी अमित मिश्रा के भाई आशीष मिश्रा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी कोनी में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए और मतदाताओं को पैसा बांटने का आरोप लगाते हुए हंगामा मचाने लगे। इसके बाद भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलते ही टीआई नवीन देवांगन स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। कांग्रेस नेता श्री श्रीवास ने आशीष पर मतदाताओं को पैसा बांटने का आरोप लगाते हुए तलाशी लेने कहा गया। श्री देवांगन ने उसके जेब की तलाशी ली तो 100 व 500 की गड्डी सहित 28 हजार रुपए मिला है। पुलिस पैसा सहित आशीष मिश्रा को थाने ले गई। त्रिलोक श्रीवास के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थाने का घेराव कर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए जमकर हंगामा मचाया गया। कोतवाली सीएसपी अक्षय सभाद्रा ने थाने पहुंचकर हंगामा मचाने वाले कार्यकताओं को समझाइस दी। उसके बाद कार्यकर्ता लौट गए।

### जांच की जा रही

कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं ने पैसा बांटने के संदेह पर भाजपा प्रत्याशी के भाई अशीष मिश्रा को पकड़कर दिया है। उसके जेब से 28 हजार रुपए मिला है। किसी को बांटते नहीं देखा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**- नवीन देवांगन**, कोनी टीआई

## खबर संक्षेप

### श्री कला मंजरी कथक संस्थान ने मनाया वसंत उत्सव



**बिलासपुर।** श्री कला मंजरी कथक संस्थान में रविवार को वसंत उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कथक की शिक्षा लेने वाले छात्रों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। संस्थान के सचिव व कथक सम्राट पं बिरजू महाराज के शिष्य रितेश शर्मा के मार्गदर्शन में पूजन की गई। इस अवसर पर सभी छात्रों ने पूजन किया। तत्श्चात भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, शीला शर्मा, रूपा, पूर्णिमा, गोल्डी, श्रेष्ठा, सिंपल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सुमंगल अपार्टमेंट में श्याम बाबा के भजनों का लिया आनंद



**बिलासपुर।** सुमंगल अपार्टमेंट फेस 2 में केडिया परिवार द्वारा श्याम बाबा के भजनौ का संकीर्तन हुआ। संगम सोनी एवं आभा वाजपेई भजन गायको ने सामा बांधा। माघ महिना की बारस की रात खाटू नरेश के नाम रही। इस दौरान सुमंगल परिसर के भक्त विभोर हुए। श्याम बाबा का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। सभी ने ज्योत ली। आरती कर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर अरूण, सुभाष, मदनलाल, प्रभाकर, सनी, अनिता, सविता, उषा, किरण, नीलम, उपमा, मोनिका, सुषमा, मोनू, प्रीती, ममता, स्नेहा आदि भक्तों ने भजनों का आनंद लिया।

### पाजिटिव थिंकिंग क्लास में बीके ईश्वरी ने किया भक्तों का मार्गदर्शन



**बिलासपुर।** शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर में पाजिटिव थिंकिंग की क्लास चल रही है। बीके ईश्वरी ने कहा कि जीवनमुक्ति का अर्थ है कार्य व्यवहार करते कर्म के प्रभाव, कर्म के आकर्षण से मुक्त रहना। आत्म अभिमानी स्थिति का अभ्यास ऐसी स्थिति बनाने में सहयोग देता है। वर्तमान में हम देह और देह के संबंधों के भान में रहते हैं। देहभान ही सभी दुखों, समस्याओं का मूल है। परमात्मा हमे देहभान से मुक्त कर आत्मअभिमानी बनने की विधि सिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सतयुग और त्रेता में सभी देहभान से मुक्त रहते हैं। यही जीवनमुक्ति की स्थिति है। वर्तमान में जो परमात्मा के कार्य में सहयोगी बनते हैं। उन्हें जीवनमुक्ति का वरदान स्वतः प्राप्त होता है।

### पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया



**बिलासपुर।** छग के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की पांचवीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र दवे, विनोद तिवारी, उमाकांत शर्मा, सुरेश तिवारी, ओम ठाकुर, डॉ प्रदीप शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

### आइबोक छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष प्रियंक का निलंबन वापस



**बिलासपुर।** आज पंजाब नैशनल बैंक प्रबंधन ने आइबोक छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष प्रियंक चोपड़ा का निलंबन वापस लेते हुए उन्हें तेलीबांधा शाखा में पदस्थ किया हैं। ऑल इंडिया पीएनबी ऑफिसर्स एशोसिएशन के मंडल अध्यक्ष गजानन राठौड़ ने सभी सदस्यों को सहयोग देने हेतु आभार प्रकट किया हैं। आइबोक छतीसगढ़ के प्रदेश सचिव वाय गोपालकृष्ण ने बताया हैं कि आइबोक द्वारा 24 - 25 फरवरी 2025 की हड़ताल को स्थगित करते हुए दिनांक 24 - 25 मार्च 2025 को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले करने का निर्णय लिया है।

---

**जिले के 40 स्कूलों की समीक्षा की गई** | **स्कूल शिक्षा विभाग ने मांगा संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों से जवाब**

# प्री बोर्ड के रिजल्ट ने खोली पोल, बिलासपुर सहित 12 जिलों की हालत खराब



**बिलासपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली गई प्री बोर्ड परीक्षा ने बच्चों की तैयारियों की पोल सी खोलकर रख दी है। इसमें बिलासपुर सहित 12 जिलों की स्थिति बेहद खराब है। इसके तहत जिले के 40 स्कूलों की समीक्षा की गई, जिसमें 3017 छात्र प्री-बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए, इसमें से 1032 छात्र पास और 1985 छात्र फेल हुए हैं।

इसी तरह 12वीं में 34.20 प्रतिशत छात्र पास और 65.80 प्रतिशत फेल हो गए हैं। इसके साथ ही गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरबा, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई के प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम ने बेहद निराश किया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने मामले में संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों से जवाब मांगने की बात कही है। प्री बोर्ड परीक्षा के बाद शिक्षा विभाग ने 10 वीं और 12 वीं कक्षाओं के 40-40 स्कूलों की समीक्षा की है। कुल 5962 छात्रों में से महज 1767 विद्यार्थी ही पास हो पाए। 10वीं प्री बोर्ड में हालत बेहद खराब है। 2945 छात्र परीक्षा में बैठे, इनमें से मात्र 735 पास हुए, जबकि 2210 फेल हो गए। 10वीं में सिर्फ 24.95% छात्र पास हुए और 75% फेल हो गए। पास होने वालों के फेल होने वाले छात्रों का आंकड़ा बहुत ज्यादा है। यह चौंकाने वाला तो है साथ ही निराश करने वाला परिणाम भी कहा जा सकता है। 12वीं में 3017 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 1032 पास हुए और 1985 फेल हो गए। यानी 12वीं में 34.20% छात्र पास और 65.80% फेल हुए। 10वीं व 12वीं कक्षाओं में कुल 5962 छात्रों में से केवल 1767 छात्र ही पास हुए हैं।

#### यहां स्थिति बेहद खराब

मुंगेली - 59.49
खैरागढ,छुईखदान गंडई- 59.47
जीपीएम - 57.84
बिलासपुर - 51.88
कोरबा - 43.82

#### यहां की स्थिति अच्छी

दंतेवाड़ा - 93%
जशपुर - 90. 29 %
कांकेर - 87.79 %
सुकमा - 87.61 %
कोरिया - 86.32 %

#### 12 वीं में प्री बोर्ड के रिजल्ट

दंतेवाड़ा 85.03 ,जशपुर 90.04, कांकेर 87.76 , सुकमा 83.88 ,कोरिया 84.72 ,बलरामपुर 85,07 , सूरजपुर 84.51, धमतरी 81.23 , बीजापुर81.07 , मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी 77.03 , बस्तर , रायगढ़ 77.42 , रायपुर 79.00 , राजनादगांव 74. 61 , बलौदाबाजार भाटापारा 81.08 , एमसीबी 70.66 , नारायणपुर 69.86 ,कोंडागांव 72.24 , दुर्ग 66.51 , सरगुजा 70.26 , सक्ती 73.72 , गरियाबंद 68.61, जांजगीर-चांपा 68.03 , बेमेतरा 66.44 , सारंगढ़ बिलाईगढ़ 67.99 , कबीरधाम 67.37 , खैरागढ,छुईखदान गंडई 60. 49, जीपीएम 6078 , बिलासपुर 65.43 ,कोरबा 49.28 प्रतिशत है।

#### पहली बार लागू हुई व्यवस्था

सीजी बोर्ड ने इस व्यवस्था को पहली बार लागू किया है। जाहिर तौर पर भरोसा करना चाहिए कि आने वाले दिनों में यह व्यवस्था दुरुस्त होगी और पढ़ाई का स्तर भी सुधरेगा।

**- आरपी आदित्य,** संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग

---

**भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे बोर्ड द्वारा चलाई गई 201 ट्रेनें**

# एसईसीआर से प्रयागराज तक 35 फेरे लगा रही स्पेशल ट्रेन, फिर भी जगह नहीं



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर दूसरे जोन से चलने वाली 97 नियमित ट्रेनों के अलावा एसईसीआर से 35 फेरे के लिए ट्रेनों का परिचालन प्रयागराज जाने वाले यात्रियों के लिए किया जा रहा है। इस दौरान एक दिन यानि सोमवार की दोपहर तीन बजे तक रेल प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 201 ट्रेनों का परिचालन किया है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो सके।

रेलवे के अनुसार प्रयागराज क्षेत्र के सभी आठ स्टेशन प्रयागराज जिसमें प्रयागराज जंक्शन शामिल है। पूरी तरह से कार्यरत है। रेलवे ने रविवार को 330 ट्रेनें और दूसरे दिन दोपहर 3 बजे तक 201 ट्रेनों का परिचालन किया है, ताकि यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। इन ट्रेनों में करीब 8 लाख यात्रियों से सफर किया है। इस संबंध में रेल अफसरों का कहना है कि प्रयागराज स्टेशन के आठ विभिन्न स्टेशन से लगभग 12 लाख 50 हजार यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 330 ट्रेनें चलाई गई है। भीड़ कम न होने के बाद भी रेलवे प्रति 4 मिनट में एक ट्रेन संचालित कर रहा है, ताकि स्नान के बाद श्रद्धालुओं को प्रतीक्षा न करना पड़े। आगामी माघी पूर्णिमा अमृत स्नान से पहले रेलवे तैयारियों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि एक ट्रेन के रैक में औसतन 3780 यात्री सफर कर रहे हैं, जिससे भारी भीड़ का स्पष्ट संकेत मिलता है। प्रयागराज जंक्शन सहित सात अन्य स्टेशन प्रयागराज छिक्की, नैनी, सूबेदारगंज, प्रयाग फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूसी पूरी तरह से कार्यरत है और विशेष तथा नियमित ट्रेनें पूर्ण क्षमता से चलाई जा रही है। दोपहर तीन बजे की स्थिति में 201 विशेष और नियमित ट्रेनें प्रयागराज के आठ स्टेशन से प्रस्थान कर 9 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक पहुंचा रही थीं।

### चल रही हैं मेला स्पेशल

एसईसीआर के सीपीआरओ सुष्कर विपुल विलास राव ने बताया कि रेल प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन की समीक्षा और आगामी माघी पूर्णिमा के अमृत स्नान की तैयारियों पर चर्चा की। यहां महाकुंभ लोगों से सजी मेला स्पेशल दिन रात चलाई जा रही है। रेलवे की ओर से एक सामान्य दिन में 330 ट्रेनें संचालित करना समर्पण का प्रमाण है। यह संख्या 360 ट्रेनों के बराबर है, जो पिछले माह मौनी अमावस्य पर अभूतपूर्व भीड़ के दौरान चलाई गई है।

### 432 किमी में लगाई गई आटोमेटिक सिग्नल प्रणाली

ट्रेनों को दुर्घटना से बचाने के लिए रेल प्रशासन ने तीनों सेक्शन के 432 किलोमीटर एरिया में आटोमेटिक सिग्नल प्रणाली लागू कर दिया है, जिसमें से 112 किलोमीटर का कार्य इस वर्ष सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। रेलवे लाइन पर लगे पूर्व सिग्नलिंग प्रणाली से बार-बार ओवर शूट के अलावा ट्रेन दुर्घटना अधिक हो रही थी। इसे रोकने के लिए रेलवे बोर्ड के आदेश पर सभी जोन की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में सिग्नलिंग प्रणाली को चेंज करना शुरु कर दिया गया।

स्वचलित सिग्नलिंग प्रणाली में रेल लाइन को छोटे-छोटे ब्लाक खंड में विभाजित करने के बाद प्रत्येक खंड में एक सिग्नल स्थापित किया गया है, जो ट्रेन की स्थिति के अनुसार स्वतः ग्रीन, पीला और लाल संकेत देता है। इसमें जैसे ही कोई ट्रेन एक ब्लॉक में प्रवेश करती है तो ट्रैक सर्किट सक्रिय हो जाता है और अपने ब्लॉक का सिग्नल लाल हो जाता है। इससे अन्य ट्रेनों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने में मदद मिलती है। स्वचलित सिग्नलिंग प्रणाली से ट्रेनों की गति और अंतराल का स्वचलित रूप से नियंत्रण किया जाता है, जिससे रेलवे ट्रैक की क्षमता बढ़ने से ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलती है। यह प्रणाली रेलवे संचालन को अधिक दक्ष बनाकर मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों, दोनों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण और सुरक्षित संचालन को प्राथमिकता देते हुए लगातार नए क्षेत्रों में स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली को लागू करने के लिए कार्य कर रहा है, जिससे रेलवे का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और यात्री व मालगाड़ी संचालन को और अधिक सुगम बनाया जा सकेगा।

---

**लोफंदी में जहरीली शराब से 9 की मौत का मामला**

# मुआवजा नहीं मिला तो कांग्रेस करेगी पदयात्रा



**बिलासपुर।** लोफंदी में चुनावी व जहरीली शराब का मामला तूल पकड़ने लगा है। अब तक 9 ग्रामीणों की मौत हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मामले की जांच के लिए मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया की अगुवाई में जांच दल का गठन किया है। यह दल सोमवार को दूसरी बार लोफंदी पहुंचा। जांच दल ने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। मुआवजा नहीं मिलने पर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले पदयात्रा करने की चेतावनी दी गई है।

इस दौरान जांच कमेटी के संयोजक विधायक दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, विधायक कोटा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व विधायक रश्मि सिंह, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक और कांग्रेस नेता राजेन्द्र साहू ने पीड़ित परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। दल के सदस्यों का कहना है कि जांच रिपोर्ट जल्द ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दी जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के अध्यक्ष व जांच कमेटी के सदस्य विजय केशरवानी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर लोफंदी में जहरीली शराब से हुई मौत के मामले की जांच की जा रही है। जांच दल आज लोफंदी गई थी और 2 दिन में अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौंप देगी। जांच दल ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। प्रभावितों को मुआवजा ना मिलने की स्थिति में पदयात्रा करेंगे।

#### कमेटी इन बिंदुओं पर कर रही जांच

- जहरीली शराब पीने से अब तक कितने की मौत हुई हैं? और कितने का ईलाज चल रहा हैं? अस्पताल में भर्ती ग्रामीणों की स्थिति कैसी हैं?
- शराब पीने से पहली मौत किसकी और कब हुई? पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत की वजह क्या लिखा? पहले जिन दो ग्रामीणों की मौत हुई उनका पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया था या नहीं?
- कितने मृतकों का अंतिम संस्कार पोस्टमार्टम कराये बगैर कर दिया गया? पुलिस को खबर कैसे नहीं लगी? मर्ग कायमी हुई थी या नहीं? क्या जहरीली शराब से हो रही मौतों को राज्य सरकार के दबाव में पुलिस जानबूझकर दबा रही थी?

---

# महापौर के कांग्रेस प्रत्याशी ने घर-घर दस्तक देकर मांगा वोट



**बिलासपुर।** कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने प्रचार बंद होने के बाद सोमवार को पूरे दिन जनसंपर्क कर अपने पक्ष में वोट मांगा। साथ ही वार्डवासियों को मतदान में भाग लेने की अपील की। इस जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी भी शामिल थे।

जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के महापौर व कांग्रेस प्रत्याशी शाम 7 बजे गोल बाजार पहुंचे और व्यापारी साथियों से मिलकर आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक के साथ शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय, वरिष्ठ नेता अशोक अग्रवाल, शिवा मिश्रा, पूर्व महापौर राजेश पाण्डेय, महेश दुबे, ऋषि पाण्डेय, शेखर मुदलियार, बंटी यादव, गौरव ऐरी आदि शामिल थे।


- **मतदाताओं को मतदान करने की अपील**

कार्यकर्ताओं को दी गई ट्रेनिंग सुबह 10.30 बजे कांग्रेस भवन में प्रत्येक बूथ के दो-दो कार्यकर्ताओं को ट्रेनर प्रवक्ता अनिल सिंह चौहान व ऋषि पाण्डेय ने ट्रेनिंग देकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेनन, अरविंद शुक्ला, विनोद साहू, ब्लॉक प्रभारी समीर अहमद, राजेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल ने जीपीओ का किया विरोध



**बिलासपुर।** ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल ने पूरे भारतवर्ष में रेलवे बोर्ड द्वारा गाड़ियों के स्टैबलिंग से संबंधित जेपीओ जो 24 जनवरी 2025 को जारी किया गया के संबंध में सोमवार को ब्लैक डे मनाया गया। आज पूरे भारतवर्ष में सभी ट्रेनों पर कार्य करने वाले ट्रेन प्रबंधक ने काला फीता लगाकर काम किया। ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल के सदस्यों ने बताया कि इस जेपीओ के अंतर्गत ट्रेनों को यार्ड में खड़ा करते समय आगे से सहायक लोको पायलट व पीछे से ट्रेन प्रबंधक ट्रेनों के हैंड ब्रेक को लगाएंगे व रिलीज करेंगे। इससे पहले रेलवे बोर्ड द्वारा जारी जेपीओ जो कि 13 नवंबर 2024 और 2012 में जो रेलवे बोर्ड में प्राप्त पत्र जारी किया गया था। उसके अंतर्गत हैंडब्रेक को लगाने और रिलीज करने की जिम्मेदारी स्टेशन स्टाफ अर्थात प्वांइट्समैन पर थी। काउंसिल के अनुसार माल गाड़ियों के परिचालन के दौरान जीडीआर बनाने में अधिक समय लगेगा। साथ ही साथ गाड़ियों का मूवमेंट धीमी हो जाएगी। प्रशासन को चाहिए की जो काम जिसका है उसी से कराया जाए।




---

# डीपीएस में 12वीं के विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह, नृत्य-कला की दी प्रस्तुति



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले 12 वीं क्लास के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 11 वीं के छात्रों ने विदाई पार्टी व आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति के साथ कई मनोहारी नृत्य कला का प्रदर्शन किया।

विदाई समारोह के दौरान 12 वीं क्लास के विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा बॉम्बे द सिटी तथा हेड शोल्डर नेक और टो गेम का आयोजन किया गया।




### इन्होंने जीता पुरस्कार

जिसमें हैंडसम हंक बाय अवधेश सिंह, गॉर्जियस डीवा पुरस्कार मुस्कान, मिस्टर एंड मिस सोशल लाइफ, मिस्टर एंड मिस आर्टिस्टिक, मिस्टर साइलेंट, मिस्टर एंड मिस वर्सेटाइल, मिस्टर एंड मिस फेयरवेल, निकुंज अग्रवाल, अनमोल पदम, मिस्टर एंड मिस्टर डीपीएस रोहित पाल तथा अवनी राठौड़ को दिया गया।

### संस्था ने की विद्यार्थियों के उज्जलव भविष्य की कामना

कार्यक्रम में डा. रश्मि द्विवेदी और रविंद्र भटनागर द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। संस्था प्राचार्य ने कार्यक्रम के अंत में संबोधित करते हुए संस्था के साथ शैक्षणिक यात्रा को अविस्मरणीय बताया और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



# 52वें वार्षिकोत्सव में खंडोबा बाबा मंदिर का लोकार्पण

माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी के दिन सोमवार को मराठा समाज का 52 वां वार्षिकोत्सव रतनपुर स्थित श्री खंडोबा बाबा मंदिर में मनाया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन सहित अन्य आयोजन किए गए।







## वरिष्ठजनों व छात्रों का सम्मान, कांकड़े परिवार का मराठा समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मराठा समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में छग के सभी मराठा अपने-अपने परिवारजनों के साथ एकत्रित हुए अपने आराध्य श्री खंडोबा देव की पूजा अर्चना की गई। काकड़े परिवार द्वारा मंदिर परिसर का 20 लाख रूपए की लागत से जीर्णोद्धार कराया गया है, जिसका लोकार्पण दुगार काकड़े द्वारा किया गया। भंडारे का आयोजन बिलासपुर के तोडेकर परिवार द्वारा कराया जा गया, मुख्य पूजा में विशाखा सौरभ तोडेकर द्वारा की गई काकड़े परिवार का सम्मान मराठा समाज के पदाधिकारीयों द्वारा किया गया। डा. सुधाकर बिबे एवं शकुंतला जाधव द्वारा समाज के वरिष्ठजन व 10 वीं-12 वीं में उच्च अंक से उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान किया गया, दोपहर तीन बजे से जीजा माता महिला मंडल के द्वारा युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन किया गया, जिसका संचालन संरक्षक शोभा बिबे ने की। नागपुर से गोंधल पूजा कराने विश्वनाथ चौहान बत्तीसे द्वारा की गई, जिसमें समाज के लगभग बीस दम्पति गोंधल पूजा में मौजूद थे। यह पूजा रात भर चली कार्यक्रम में अतिथि दुर्गा काकडे, प्रदेश अध्यक्ष अरूण घाडगे, राघोबा महाडिक, राघवेन्द्र भोसले, सुधाकर सालुंके, तारा शिंदे महिला मंडल अध्यक्षा राखी जाधव एवं युवा मराठा सेना के अध्यक्ष गौरव शालुंके होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान, उपाध्यक्ष प्रणय बाकरे, कोषाध्यक्ष भगवंत शिंदे, सह सचिव जिवन भोसले, योगेश भोसले, महिला मंडल एवं युवा मराठा सेना मौजूद थे।

सम्मान

## डॉ .बृजेश सिंह काव्य महारथी राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित



**बिलासपुर।** साहित्यकार डॉ.बृजेश सिंह को आहुति महाकाव्य और वेदमूर्ति महाकाव्य सहित पांच दर्जन से अधिक पुस्तकों के प्रशस्त लेखन के लिए काव्य महारथी राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्कृति और साहित्य शोध समिति मध्यप्रदेश द्वारा उनके सर्वोच्च सम्मान स्नेहलता जैन स्मृति काव्य महारथी सम्मान से डॉ.बृजेश सिंह को बालाघाट में अशोक सिहासने सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ सम्मान राशि 5100 प्रदत्त की गई, इस अवसर पर पर्यावरण पर केन्द्रित संगोष्ठी 'नदी से संवाद' के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.बृजेश सिंह अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में देश के अनेक प्रान्त से पधारे प्राध्यापकगण ने अपना शोध पत्र वाचन किया। डॉ.बृजेश सिंह छत्तीसगढ़ के ऐसे साहित्यकार हैं जिनके साहित्य पर केन्द्रित दो दर्जन से अधिक पीएचडी व शोधपरक ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं। पर्यावरण विमर्श व राष्ट्रविमर्श के प्रवर्तक के रूप में आपकी ख्याति मिली है,पचास से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठियों में मुख्य अतिथि व अध्यक्ष या मुख्य वक्ता के रूप में भागीदारी रही है।

# आईएमए की नई टीम ने ली शपथ





## विधायक अमर ने चिकित्सा क्षेत्र बेहतर बनाने विचार रखे

आईएमए भवन सीएमडी चौक में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। आईएमए के सक्रिय सदस्य एवं पदाधिकारी डॉ मनीष बुधिया के असामयिक दुखद निधन के कारण यह कार्यक्रम अत्यंत सादगी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने डॉ मनीष बुधिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चिकित्सा की क्षेत्र को ज्यादा उन्नतिशील बनाने हेतु अपने विचार व्यक्त किए। आईएमए के नए अध्यक्ष डॉ गोपेंद्र सिंह दीक्षित ने अपने वक्तव्य के दौरान आगामी कार्यकाल के दृष्टिकोण को बताया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय मेहता ने किया, कार्यक्रम के अंत में आईएमए के वर्तमान सचिव डॉ राजीव सखूजा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व अध्यक्ष डॉ अखिलेश देवरस द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया, उसके बाद पूर्व सचिव डॉ सौरभ लूथरा के द्वारा उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। आईएमए के सभी पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण इंस्टॉलेशन ऑफिसर रायपुर से आए हुए प्रेसिडेंट इलेक्ट स्टेट आईएमए डॉ अनूप वर्मा ने करवाया। आईएमए के अध्यक्ष के रूप में डॉ गोपेंद्र सिंह दीक्षित ने शपथ ग्रहण किया एवं सचिव के रूप में डॉ राजीव सखूजा ने शपथ ग्रहण किया। उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ आरती पांडे, डॉ रक्षित जोगी एवं डॉ श्रीकांत गिरी ने शपथ ग्रहण किया। सहसचिव के रूप में डॉ सिद्धार्थ वर्मा एवं डॉ मेघा तिवारी ने शपथ ग्रहण किया। डॉ संतोष गेमनानी का कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यकाल इस साल के लिए पुनः बढ़ाया गया।

### इन डॉक्टरों ने ली शपथ

कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में डॉ अशोक मेहता, डॉ मेघा तिवारी, डॉ हरेंद्र कुमार शुक्ला, डॉ ओमप्रकाश माखीजा, डॉ प्रिया मिश्रा, डॉ अभिनव साहू, डॉ श्वेता घाटगे, डॉ विजय कुमार कुर्रे, डॉ रजनीश पांडे डॉ अपूर्व सिंह ठाकुर एवं डॉ अभिषेक शाह ने शपथ ग्रहण किया। आईएमए भवन की कमेटी के अध्यक्ष के रूप में डॉ आर डी गुप्ता ने एवं सदस्यों के रूप में डॉ के के जायसवाल, डॉ रत्नेश सिंह, डॉ प्रदीप सोनी एवं डॉ रंजीत थवाईत ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान वरिष्ठ राजनीतिज्ञ अनिल टाह, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रमोद तिवारी, डॉ किरण देवरस, डॉ जी बी सिंह, डॉ प्रभात श्रीवास्तव, डॉ आर ए शर्मा, डॉ हेमंत चटर्जी एवं शहर के लगभग 200 अन्य वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे।



# छंदशाला : बसंती बयार में कवियों ने किया काव्य पाठ

**बिलासपुर।** छंदशाला के तत्वावधान में बसंतोत्सव का आयोजन छंदशाला की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा के नर्मदा नगर स्थित आवास में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बाल गीतकार देवेन्द्र शर्मा पुष्प, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि डी डी यादव और गोष्ठी की अध्यक्षता गीतकार कपूर ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन छंदशाला की संयोजिका और कवियत्री डॉ .सुनीता मिश्र ने किया।

कार्यक्रम में छंदशाला परिवार के सदस्य और स्थानीय रचनाकार समेत तीस से भी अधिक श्रोतागण उपस्थित रहे,इस काव्य गोष्ठी की खास बात यह रही कि गोष्ठी पूर्णतः बसंत पर आधारित थी। जिसमें बसंत ऋतु के विभिन्न पक्षों की ओर सभी कवियों और कवियत्रियों ने ध्यान आकृष्ट कराया। जिसमें 20 कवियों एवं कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया,कवि राजेश सोनार के सरस्वती वंदना कर लो स्वीकार नमन शारदे से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, उसके बाद कवियत्री डॉ सुनीता मिश्रा ने रंग बसंती छा गया ,संग बसंती चाह' से बसंतोत्सव का आगाज किया जो काव्यगोष्ठी के समापन तक चलता रहा । कवि गजानंद पात्रे ने छत्तीसगढ़ी गीत ऋतु बसंत का आगमन ,धरती करें सिंगार हे, वरिष्ठ कवि शैलेन्द्र गुप्ता ने - देख गोरी द्वार मुझे ,खड़ी खड़ी मुस्काई मुझे वो बसंत जान, लेती अंगड़ाई है सुषमा पाठक ने बसंत गीत के साथ सहभागी बन लोकतंत्र का अपना फर्ज निभाना है। गीत से मतदान की महत्ता को ,तो वी वी रमना किरण ने मैं अकेला रहूंगा पर तेरी यादों में जिंदा रहूंगा तो कवि सुनील प्रकाश ने घड़ी चौक पर कविता पढ़ वाह-वाही बटोरी। इस मौके पर ओमप्रकाश भट्ट, मनीषा भट्ट, पूर्णिमा तिवारी जगतारण डहिरे, दुर्गा प्रसाद मेरसा,विनय पाठक, कौशिक और मंचस्थ कवियों ने भी अपने गीतों से बसंतोत्सव को अद्वितीय आभा प्रदान की। इस दौरान इंजीनियर दामोदर मिश्रा, वरिष्ठ साहित्यकार मंतराम यादव, राजेश सोनार,समेत छंदशाला परिवार के सदस्य और उनके परिवार एवं प्रबुद्ध श्रोता उपस्थित थे ।

आयोजन

## वंदे मातरम मंडल की 183 वीं बैठक पाठक का किया गया सम्मान



**बिलासपुर।** वंदे मातरम मित्र मंडल की 183वीं बैठक करबला रोड स्थित अशोक त्रिपाठी के निवास पर संपन्न हुई, बैठक में शिकागो यूनिवर्सिटी द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर डॉक्टर विनय कुमार पाठक का वंदे मातरम मित्र मंडल ने सम्मान किया। इस अवसर पर डॉक्टर पाठक ने कहा कि वंदे मातरम मित्र मंडल ने अल्प समय में जो समाज के लिए काम किए हैं, डॉ पाठक ने कहा कि वंदे मातरम मित्र मंडल विभिन्न समाज जातियों में बटे समाज को जोड़ने का जो कार्य कर रहा है, खास तौर से दलित एवं पिछड़े समाज को मुख्य धारा में लाने का जो कार्य कर रहा है, वह वंदनीय है। डॉ पाठक ने बताया कि अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के माध्यम से उन्होंने जो विकलांगों के लिए कार्य किए हैं, उनके विवाह संपन्न कराए हैं, उनसे उनको मानसिक संतुष्टि मिलती है एवं वह संतुष्टि किसी भी सम्मान से बड़ी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक रामधन रजक ने भी कहा कि वंदे मातरम मंडल की ओर पूरा समाज आशा भरी नजरों से देख रहा है, क्योंकि वंदे मातरम मंडल ने 3 साल के अल्प कार्यकाल के दौरान जो उपलब्धियां हासिल की हैं, दलित एवं वंचित वर्ग के लिए जो कार्य किए हैं वह अतुलनीय है। वन्दे मातरम् मित्र के संयोजक महेन्द्र जैन ने बताया कि डॉ पाठक के मार्गदर्शन में 63 छात्रों ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है एवं 15 छात्रों ने डॉ पाठक के ऊपर पीएचडी की है। सृजन के द्वारा समाज सेवा के द्वारा डॉ पाठक ने देश में अपना एक विशिष्ट स्थान हासिल किया है, ऐसी विभूतियों को सम्मानित कर हम स्वयं गौरवान्वित होते हैं। इसमें प्रमुख रूप से पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश बाजपेई, डॉ शोभा त्रिपाठी, अशोक त्रिपाठी, विष्णु तिवारी, बाल गोविंद अग्रवाल, राजेंद्र रुंगटा, राजेन्द्र अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

लखीराम आडिटोरियम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा, शुक्ला परिवार का आयोजन

कार्नर न्यूज

# इंसान अपने ईष्ट, सदगुरु, संबंधियों को लेकर चलें : अमर कृष्णा

अपने जीवन को प्रभु के चरणों में समर्पित करें। श्रद्धा भाव से चरणों में आकर निवेदन करने से भगवान अपने भक्तों की जरूर रक्षा करते हैं। जिनकी कृपा जीवन में हो उसे भूले नहीं। अपने ईष्ट, सदगुरु व सगे संबंधियों को लेकर चलें तो सभी के प्रिय बन जाओगे। भगवान की कृपा जीवन में भागवत बन कर उतरता है।







**बिलासपुर।** ये बातें क्षमा रविशंकर शुक्ला जावलपुर द्वारा लखीराम आडिटोरियम में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथा वाचक अमर कृष्ण शुक्ला ने सोमवार को श्री गोवर्धन पूजा, महारास लीला की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमेशा वाणी में संयम रखें। कोई भी बात संभलकर, तौल कर बोलने की आवश्यकता है। मधुर वाणी सम्मान दिलाती है। सोचने से नहीं बल्कि भगवान जो चाहेंगे वही होगा।

उन्होंने बताया कि भगवान इंद्र ने क्रोध में आकर मेघ को ब्रज में वर्षा करने के आदेश दे दिए। फिर मूसलाधार वर्षा शुरू हो गई। इससे ऐसा लगने लगा कि पूरा ब्रज डूब जाएगा। इससे घबरा कर सभी ब्रजवासी भगवान श्रीकृष्ण के शरण में आकर कहने लगे कि उनके ही कहने पर हमने पूजा बंद की है। अब हमारी रक्षा करो। वहीं ठाकुरजी सोच रहे थे एक तिरछी निगाह से ही इसे समाप्त कर सकता हूं, पर ऐसा करने से भक्तों का नुकसान होगा। वे भक्तों को एक ऐसा विकल्प देकर जाएंगे कि भक्त भगवान से जुड़े रहेंगे। फिर उन्होंने अपने एक छोटी से ऊंगली से गोवर्धन पर्वत को उठा कर ब्रजवासियों की रक्षा की। इस मौके पर क्षमा रविशंकर, समृद्धि नरेश शुक्ला सहित उनके परिवारजन एवं अन्य श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

### जीवन में उतारें कथा के प्रसाद को

कथावाचक ने कहा कि कथा के प्रसाद को जीवन में उतारें। कथा का प्रसाद भगवान की कृपा से ही मिलता है। इंद्र पर भी भगवान श्रीकृष्ण ने कृपा किए और कहा कि दुबारा ऐसी गलती नहीं करना। अनुशासन में रहना। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण को गोविंद नाम इंद्र से ही मिला था और ठाकुरजी को गोविंद नाम ज्यादा प्रिय है।

### कभी भी अभिमान न करें

कथा व्यास ने कहा कि कभी भी धनवान, ज्ञानी एवं अच्छा होने का अभिमान न करें। इंद्र को भी बरस कर हारना पड़ा था। अहंकार का अंत होता ही है। यदि अपने पद या किसी वस्तु का अभिमान हो जाए तो उन्हें उस पद से एक न एक दिन उतरना ही पड़ेगा। जीवन में अहंकार आ जाए तो सब कुछ समाप्त हो जाएगा। सात दिन मूसलाधार बारिश के बाद ब्रजवासियों ने मृणालजी को इतना भोग लगाए कि पर्वत बन गया। जितना मृणाल विशाल उतना ही भोग लगाया गया और जल देना भूल गए। इस पर ठाकुरजी ने बताया कि बारिश का पूरा पानी मृणालजी पी गए। उन्होंने बताया कि कोई इंसान नहीं बल्कि प्रभु चमत्कार करते हैं। बाद में भगवान इंद्र ने आकर ठाकुरजी से क्षमा मांगी। इस पर भगवान ने यह सोच कर उन्हें क्षमा कर दिया कि उनके चलते ही भक्त मेरे निकट आए।

### जरूर करें एकादशी का व्रत

कथा वाचक ने बताया कि नंदबाबा एकादशी का व्रत करते थे। गीता में ठाकुरजी ने कहा है कि तिथियों में मैं एकादशी हूं। हर व्यक्ति को एकादशी का व्रत करना चाहिए। तुलसी महरानी की परिक्रमा करें। माना जाता है कि चिता पर तुलसी का काष्ट रख देने से किसी भी तरह का वह व्यक्ति हो उसे मोक्ष मिल जाता है। उन्होंने बताया कि नाम, धाम, लीला, परिकर व रूप ये पांच चीज हमें ठाकुरजी से जोड़ता है।

भ्रमण


## महिलाओं ने नारायणीधाम में की पूजा, नौका विहार का लिया आनंद



**बिलासपुर।** महिला कल्याण समाज एसईसीएल इंदिरा विहार द्वारा रानी सती दादी श्री नारायणी धाम चांपा में जाकर विश्व कल्याण की भावना से ओत-प्रोत होकर पूजा अर्चना की। देश में चल रहे महाकुंभ के पावन पर्व पर गंगा मैया को स्मरण कर प्रार्थना की गई। संस्था की सदस्यों ने बताया कि दादी रानी सती मंदिर बहुत ही आकर्षक विशाल क्षेत्र में बना हुआ है और मनमोहक व शांति देने वाला है। सचिव माधुरी तिवारी के कुशल नेतृत्व में महिला कल्याण समाज की सभी सदस्यों ने मंदिर दर्शन के साथ ही कुदरी बैराज में बड़े उत्साह के साथ नौका विहार का आनंद लिया। सभी सदस्यों ने पिकनिक का भरपूर लुफ्त उठाए। गीत-संगीत गाकर अंताक्षरी और हाउजी खेली गई। इस अवसर पर माधुरी तिवारी, रेहाना खान, सुप्रभा आचार्य, शेफाली घोष, रेखा गुल्ला, प्रभा तिवारी, सरिता चौहान, सुनीता जायसवाल, फरीदा हुसैन, सरला शर्मा, उषा पांडेय, मनोरमा चौकसे, दुर्गेश साहू, बृहस्पति कश्यप, संतोषी मेहता, रेणुका मसीह सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

10 FEB- BSP-PG-4_Layout 1 2/11/2025 12:52 AM Page 1






# ‘डीडीएलजे’ थीम पर रिलीज होगा ‘कम फॉल इन लव’

**मुंबई।** यश राज फिल्म कंपनी के बैनर तले बनी फिल्म ‘दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे’के 30 साल पूरे हो रहे हैं। इस फिल्म के कई सीन यूके में शूट किए गए थे, जिसमें रेल यात्रा वाले रोमांस को भी दिखाया गया था। इसी से संबंधित ब्रिटेन रेलवे और यशराज फिल्म ने हाथ मिलाया है। वैलेंटाइन डे के मौके पर ब्रिटेन रेलवे और यशराज फिल्म ने सांस्कृतिक सहयोग की घोषणा की, जिसमें यश राज फिल्म्स ‘डीडीएलजे’ फिल्म का एक संगीत रूपांतरण कर रहा है, जिसका शीर्षक है- ‘कम फॉल इन लव- द डीडीएलजे म्यूजिकल’। इसे 29 मई 2025 को मैनचेस्टर ओपेरा हाउस में रिलीज किया जाएगा और 21 जून तक चलाया जाएगा।

लाइफ Style

# आलिया

## नया फिटनेस वीडियो हुआ वायरल

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस आलिया भट्ट फिटनेस फ्रीक हैं और उन्हें खुद को फिट रखना बहुत पसंद है। अक्सर एक्ट्रेस को जिम के बाहर देखा गया है और उन्होंने फैंस को मोटिवेट करने के लिए फिटनेस वीडियो भी शेयर किए हैं। एक बार फिर आलिया ने कुछ ऐसा ही किया है जब उन्होंने एक टफ वर्कआउट का वीडियो शेयर किया। इसमें हम उन्हें जमकर पसीना बहाते हुए देख सकते हैं।

फैंस के रिएक्शन के साथ यह वीडियो जमकर वायरल हो गया है। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें हम उन्हें जिम में वर्कआउट करते हुए देख सकते हैं। कैप्शन में लिखा है, ‘संघर्ष जरूरी है।’ कई फैंस ने दिल वाले इमोजी बनाए। एक ने लिखा- अब फिटनेस पर वापस आ गए हैं। एक ने कहा- सबसे मेहनती एक्ट्रेस। एक ने तो कह दिया- आप लगती ही नहीं कि एक बच्ची की मां हैं। आलिया भट्ट आखिरी बार ‘जिगरा’ में वेदांग रैना के साथ नजर आई थीं। उन्होंने ‘लव एंड वॉर’ के अलावा किसी भी नए प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं की है। आलिया भट्ट इन दिनों रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ अपनी अगली फिल्म ‘लव एंड वॉर’ की शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में पिंकविला से बातचीत में विक्की ने आलिया और रणबीर के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने कहा था, ‘मुझे उन दोनों के साथ बहुत कंफर्टेबल फील होता है। मैं रणबीर के साथ अपनी दूसरी फिल्म कर रहा हूं। मैंने उनके साथ संजू की। आलिया के साथ मैंने राज़ी की, इसलिए दोनों टैलेंटेड एक्टर्स के साथ काम करना बहुत आसान है। मुझे यह कहने की ज़रूरत भी नहीं है।’



## हॉलीवुड मसाला



# स्टंट के दौरान हुए थे बेहोश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे फिल्म ‘मिशनः इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग’ में एक उल्टे विमान से लटके हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी इस साहसिक स्टंट को फिल्मा रहे हैं। क्लिप के कैप्शन में टॉम ने लिखा, ‘हैंग ऑन...’। बाद में उन्होंने खुलासा किया कि स्टंट करते समय वे बेहोश हो गए थे। उन्होंने बताया, ‘जब आप अपना चेहरा बाहर निकालते हैं, 120 से 130 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलते हैं तो आपको ऑक्सीजन नहीं मिल पाती।’




# शिल्पा राव के साथ शीरन ने मचाया धमाल

**मुंबई।** जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म ‘देवरा’का गाना चुट्टामल्ले, जो शिल्पा राव द्वारा गाया गया है। इस गाने को अनिरूद्ध रविचंदन ने संगीतबद्ध किया है। यह गाना चर्चा में तब आया, जब अपने भारत दौरे के समय ब्रिटिश पॉप गायक एड शीरन ने बैंगलुरू के कॉन्सर्ट में इसे गाया। इस तेलुगु गाने को गाकर, शीरन ने लोगों को चौंका दिया। हालांकि, इस गीत को गाने में शीरन का साथ गायिका शिल्पा राव ने दिया। एड शीरन के तेलुगु में गाए ‘चुट्टामल्ले’गाने ने प्रशंसकों को उत्साह से भर दिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है, जो प्रशंसकों द्वारा शेयर किया गया है। हाल ही में एड शीरन का एआर रहमान के साथ भी एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें वह, रहमान के साथ ‘उर्वशी-उर्वशी’ गाना गाते दिख रहे था।



# अब छोटे पर्दे पर धमाल मचाएगी कल्कि


**मुंबई।** प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों और ओटीटी पर धमाल मचाने के बाद अब छोटे पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। जी सिनेमा ने आधिकारिक तौर पर इस बात की घोषणा की है। इस फिल्म का हिंदी संस्करण 16 फरवरी को रात 8 बजे टेलीविजन पर प्रसारित होगा। कल्कि 2898 एडी ने अपनी शानदार कास्ट, भव्य विजुअल्स और दमदार कहानी की वजह से सिनेमाघरों में जबर्दस्त सफलता प्राप्त की थी। फिल्म के प्रभावशाली किरदार, विशेषकर प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण की जबर्दस्त एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीता लिया था। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी फिल्म को बड़े पैमाने पर देखा गया। अब यह फिल्म छोटे पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है।




# ‘द वेकिंग ऑफ ए नेशन’ का टीजर जारी

**मुंबई।** शो ‘वेकिंग ऑफ ए नेशन’ का टीजर जारी हो गया है। इस शो में जलियांवाला बाग हत्याकांड से जुड़े कई पहलुओं को दिखाया जाने वाला है। इस शो का निर्देशन नेशनल और इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटेड फिल्ममेकर राम माधवानी ने किया है। सीरीज को सोनी लिव एप पर 7 मार्च से देखा जा सकेगा। ‘वेकिंग ऑफ ए नेशन’ की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। शो की कहानी एक कोर्ट रूम और जलियांवाला बाग हत्याकांड के दौरान हुए दंगों और भारत की स्थिति की झलक दिखा रहा है। तारुक रैना, निकिता दत्ता, साहिल मेहता, भावशील सिंह, एलेक्स रीस और पॉल मैकइवान जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। शांतनु श्रीवास्तव और शत्रुजीत नाथ और राम माधवानी ने मिलकर इस शो को लिखा है।

## टीवी मसाला



# तेजस्वी से हारे चंदन, आयशा की वाइल्ड कार्ड एंट्री ...

**नई दिल्ली।** ‘सेलिब्रिटी मास्टरशेफ’ जनवरी 2025 में शुरू हुआ है। इस शो का पहला एविक्शन हुआ। कपिल शर्मा के शो से फेमसे हुए कॉमेडियन चंदन प्रभाकर को शुक्रवार को एविक्ट कर दिया गया। वो एविक्शन चैलेंज में तेजस्वी प्रकाश से हार गए थे। अब शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस आयशा जुल्का ने वाइल्ड कार्ड एंट्री ली है। शो के कई प्रोमो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सोनी टीवी पर टेलीकास्ट हो रहे ‘सेलिब्रिटी मास्टरशेफ’ में पिछले हफ्ते दर्शकों को खूब सारा ड्रामा देखने को मिला। किचन में कंटेस्टेंट्स के बीच लड़ाई से लेकर टीमों के बीच तनाव तक, काफी कुछ हुआ। सभी टास्क पार करते हुए गौरव खन्ना और निक्की तंबोली खुद को बॉटम 2 में आने से बचाने में कामयाब रहे, लेकिन तेजस्वी प्रकाश और चंदन प्रभाकर पीछे रह गए। इस शो में चंदन प्रभाकर पहले हफ्ते में सभी को इंप्रेस करने में विफल रहे। उन्हें शेफ ने सेफ खेलने की कोशिश करने के लिए फटकारा भी था। दूसरे हफ्ते चंदन में अच्छा परफॉर्म किया। हफ्ते की शुरुआत में सबसे बेहतरीन डिश बनाई, लेकिन टीम चैलेंज के दौरान वो एक बार फिर खतरे में आ गए। किचन में आखिरी टास्क के लिए चंदन को दुनिया की सबसे तीखी मिर्च के साथ कुछ बनाना था और दुर्भाग्य से वो सक्सेसफुल नहीं हो सके। इस कारण उन्हें शो से बाहर होना पड़ा। अब इस शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री होने वाली है। 90 के दशक की फेमस एक्ट्रेस आयशा जुल्का सोमवार से कुकिंग शो में नजर आएंगी।

## कोई सफाई नहीं दूंगा, मुझे मजाक करना नहीं आता

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में शो ‘इंडिया गॉट लेटेंट’ में परिवार पर विवादित टिप्पणी की। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। रणवीर के अलावा कॉमेडियन समय रैना व अपूर्व मखीजा के खिलाफ भी शिकायत दर्ज हुई है। उन पर ‘इंडिया गॉट लेटेंट’ में विवादित टिप्पणी का आरोप है। अपनी कथित अश्लील टिप्पणी पर विवाद बढ़ता देख रणवीर ने अब माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है। इसमें माफी भी वे पूरी अकड़ के साथ मांगते दिख रहे हैं। रणवीर इलाहाबादिया ने अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) से एक वीडियो जारी किया है। इसमें वे माफी तो मांगते दिख रहे हैं, लेकिन उनका अंदाज ऐसा है, जैसे उन्होंने जो कहा उसका उन्हें कोई अपराधबोध नहीं। वीडियो में वे कह रहे हैं, ‘शो ‘इंडिया गॉट लेटेंट’ में मैंने जो कुछ भी कहा, वह नहीं कहना चाहिए था। आई एम सॉरी’।



# 64 साल के हीरो की फिल्म बनी 2025 की पहली ब्लॉकबस्टर

*नई दिल्ली। 64 साल का फिल्म का हीरो. फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। यही नहीं, इस हीरो की ये फिल्म भारतीय सिनेमा की साल 2025 की पहली ऐसी फिल्म रही है जो ब्लॉकबस्टर कहलाई। ये फिल्म बॉलीवुड से तो कतई नहीं है। और तो और, इस फिल्म के जो हीरो हैं, ये फिल्म उनके कॅरियर की सबसे कामयाब फिल्म भी बन गई है। ये फिल्म है संक्रांतिकी वस्तुनम। जो संक्रांति के मौके पर रिलीज हुई थी।*



***लीड रोल में हैं वेंकटेश :*** *संक्रांतिकी वस्तुनम में वेंकटेश लीड रोल में हैं, जबकि फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुडी ने किया है। इस तेलुगू फिल्म में वेंकटेश के अलावा मीनाक्षी चौधरी, ऐश्वर्या राजेश, श्रीनिवास रेड्डी और साई कुमार हैं। संक्रांतिकी वस्तुनम एक मिड बजट फिल्म थी, लेकिन यह 2025 की भारतीय सिनेमा की पहली ऐसी ब्लॉकबस्टर बनी जिसने 250 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया। फिल्म को देश और विदेश दोनों ही जगह अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।*

***मैरिड कपल की है कहानी :*** *संक्रांतिकी वस्तुनम की कहानी एक मैरिड कपल की कहानी है। जिनकी लाइफ में एक्स की एंट्री से उथल पुथल मच जाती है। जो हीरो से एक किडनेपिंग केस को सॉल्व करने में मदद मांगती है। फिल्म में वेंकटेश और ऐश्वर्या राजेश मैरिड कपल हैं। जबकि एक्स के रोल में मीनाक्षी चौधरी हैं। बता दें कि वेंकटेश की पिछली फिल्म सैंधव बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी और असफल रही थी. लेकिन ये उनके करियर की सबसे कामयाबी फिल्मों में से एक बन गई है।*

# ‘हम आपके हैं कौन’ में माधुरी नहीं यह मशहूर एक्ट्रेस थी पहली पसंद

**नई दिल्ली।** सलमान खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म हम आपके हैं कौन हिंदी सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है। आज तक फिल्म के गाने, इसकी कहानी और प्रेम और निशा का किरदार दोनों के बीच की केमिस्ट्री फैंस को पसंद करते हैं। हाल ही में निर्देशक सूरजआर. बड़जात्या ने इंडियन आइडल पर पुरानी यादें ताज़ा कीं और इस सदाबहार फिल्म के बारे में कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि माधुरी दीक्षित ‘निशा’ के रोल के लिए पसंद नहीं थीं। उन्होंने पहले इस रोल के लिए करिश्मा कपूर पर विचार किया था।

***काफी छोटी दिखती थी करिश्मा कपूर :*** प्रेम कैदी में करिश्मा के अभिनय को देखने के बाद बड़जात्या उनसे इतने प्रभावित हुए कि वे उन्हें ‘हम आपके हैं कौन’ में लेना चाहते थे। घर लौटते समय उन्होंने अपने पिता से इस बारे में बात की और कहा, ‘उनमें बहुत क्षमता है। हम अभी ‘हम आपके हैं कौन’ की स्क्रिप्ट लिख रहे हैं और हमें निशा की भूमिका के लिए किसी को कास्ट करने की ज़रूरत है।’ हालांकि, उनके पिता राजकुमार बड़जात्या इस बारे में निश्चित नहीं थे और उन्हें लगा कि करिश्मा इस भूमिका के लिए बहुत छोटी हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें मोहनीश बहल के बच्चों को ऑन-स्क्रीन देखना होगा, जो उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी हो सकती है। वह काफी छोटी दिखती हैं। उन्होंने कहा, ‘चलो किसी ऐसे व्यक्ति को लेते हैं जो अपने कंधों पर यह भार उठा सके।’



### माधुरी की झोली में आई फिल्म

आखिरकार, निशा का रोल माधुरी दीक्षित की झोली में आ गई और यह फिल्म उनके कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक बन गई। सालों बाद, करिश्मा ने भी स्वीकार किया कि अगर वह सही उम्र की होतीं, तो वह हम आपके हैं कौन में निशा का रोल करना पसंद करतीं।

## अभी भी कहे-सुने जाते हैं अमिताभ-रेखा के संबंधों के बारे में किस्से

# क्या रेखा के कारण खराब हुआ था अमिताभ और शत्रुघ्न सिन्हा का रिश्ता?

*नई दिल्ली। शत्रुघ्न ने एक बार रेखा को अपने और अमिताभ के बीच दरार पैदा करने के लिए जिम्मेदार ठहराया था। अमिताभ और शत्रुघ्न ने 70 के दशक में सिल्वर स्क्रीन पर राज किया था, लेकिन बाद में दोनों के बीच दूरियां आ गईं। दोनों ने एक-दूसरे से बात करना तक बंद कर दिया। अपनी बायोग्राफी एनीथिंग बट खामोशः द शत्रुघ्न सिन्हा में उन्होंने अमिताभ के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की और कहा कि अमिताभ शत्रुघ्न को मिल रहे प्यार को पचा नहीं पा रहे थे। शत्रुघ्न ने रेखा पर एक कटाक्ष किया और उन्हें उनके और अमिताभ के बीच दरार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए दोषी ठहराया. इस बारे में लिखते हुए उन्होंने कहा,‘काला पत्थर के दौरान एक हीरोइन जो उनके साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करने के लिए जानी जाती थी, उनसे मिलने आती थी। वह दोस्ताना के दौरान भी आती थी, लेकिन एक बार भी वह उसे बाहर नहीं लाते थे और न ही हम में से किसी से मिलवाते थे। शोबिज में हर कोई जानता था कि कौन किससे मिलने आ रहा है। मीडिया को तुरंत पता चल जाता था कि रीना मेरे मेकअप रूम में है। ऐसी चीजें हमारी दुनिया में कभी नहीं छिप सकतीं।’*

### रेखा के साथ होती थी बहस

एक बातचीत में शत्रुघ्न सिन्हा ने रेखा के साथ अपने मनमुटाव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि रेखा के साथ उनका रिश्ता कभी भी सामंजस्यपूर्ण नहीं रहा, और उनके बीच लगातार बहस होती थी। ऐसा हुआ कि शत्रुघ्न और रेखा के बीच मतभेद हो गया, जिसके कारण दोनों के बीच दो दशकों से अधिक समय तक लंबी चुप्पी रही। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ‘हमारे बीच किसी मूर्खतापूर्ण मुद्दे पर मतभेद हो गया था। उसके बाद हमने बीस साल से ज़्यादा समय तक एक-दूसरे से बात नहीं की। मैंने उनके बारे में मज़ाक उड़ाया।

*अमिताभ बच्चन और रेखा के संबंधों ने लोगों को चौंका दिया था। अभी भी उनके संबंधों के बारे में किस्से कहे सुने जाते हैं। लोग अभी भी मानते हैं कि वह अमिताभ बच्चन से बेहद प्यार करती हैं। उनके अफेयर की अटकलें फिल्म दो अनजाने के सेट पर शुरू हुईं। अमिताभ पहले से ही शादीशुदा थे और रेखा उनकी जिंदगी में ‘दूसरी महिला’ बन कर आ गईं।*



*अमिताभ बच्चन ने बार-बार इन खबरों को निराधार बताया है और हमेशा रेखा के साथ किसी भी तरह के रोमांटिक संबंध होने से इनकार किया। हालांकि, रेखा ने अमिताभ बच्चन के प्रति अपने प्यार के बारे में संकेत दिए। कई दिग्गज सितारों ने भी कहा है कि उन्होंने अमिताभ और रेखा को एक साथ देखा है, और उनमें से एक शत्रुघ्न सिन्हा है।*

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉंच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

10-FEB-REGNOL-pg-5-COMMAN_Layout 1 2/11/2025 12:05 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### महुआ लहान एवं 100 लीटर अवैध शराब जब्त

**लोरमी।** आबकारी विभाग ने दबिश देकर ग्राम शिकारी डेरा (परसवारा) में अलग-अलग स्थानों से 120 प्लास्टिक डिब्बो में भरी हुई महुआ लहान 2400 किलोग्राम एवं 10 प्लास्टिक जरीकेन एवं प्लास्टिक बोरी में पॉलिथीन में भरी हुई लगभग 100 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। मौके पर उपरोक्त सामग्री के स्वामित्व के संबंध में पूछताछ करने पर किसी के भी द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई। मौके पर लावारिस प्रकरण कायम किया गया जो छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1 )क च,34(2),59 (क) का अपराध दर्ज किया गया है।

### निकाय चुनाव के दिन शुष्क दिवस घोषित

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राहुल देव ने नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत मतदान और मतगणना दिवस को जिले के सभी नगरीय निकायों में शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने मतदान दिवस 11 फरवरी को मतदान समाप्ति तक व मतगणना दिवस 15 फरवरी को मतगणना समाप्ति तक निर्वाचन क्षेत्रें एवं सीमावर्ती क्षेत्रें के समस्त देशी–विदेशी मदिरा की दुकानें, होटल बार, अहाता एफ.एल–1 (घघ), एफ.एल–1 (घघ कम्पोजिट), सी.एस.–2(घघ), सी.एस.–2(घघ कम्पोजिट), सी.एस.–2 (ग–अहाता), सी.एस.–2 (ग–कम्पोजिट अहाता), एफ.एल–1 (ख–अहाता), एफ.एल.–1 (ख–कम्पोजिट अहाता), 9,9 (क) तथा एफ. एल. 3 होटल सिटी पैलेस बार मेसर्स भाटिया वाईन मर्चे. प्रा.लि. धूमा के आसवनी परिसर में संचालित एफ.एल 9 व समस्त एफ.एल 9 को बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश दिए हैं।

## निधन

### सावित्री देवी अग्रहरि



**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी सावित्री देवी अग्रहरि का 10 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास से मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद के लिए निकलेगी। वे राजेश अग्रहरी की पत्नी थीं

### मयंक साहू



**बिलासपुर।** हरदीकला निवासी मयंक साहू का 9 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे पूर्व सरपंच प्रहलाद साहू के पुत्र एवं सुमीत साहू के चचेरे भाई थे।

### धनेश्वर शर्मा



**बिलासपुर।** ग्राम सिलदहा पथरिया निवासी धनेश्वर शर्मा का 7 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे ऋषि तिवारी, अश्वनी शर्मा, राजेश शर्मा के भाई व शिवम शर्मा के पिता थे।

### फूलबाई कश्यप



**बेलतरा।** ग्राम बेलतरा निवासी श्रीमती फूलबाई कश्यप का 95 वर्ष का आयु में निधन हो गया। वे सन्तोष कश्यप, सुशील कश्यप की माता व अजय कश्यप की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

### दुर्गेश शराफ



**मस्तूरी।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक रोहित कुमार शराफ के पुत्र दुर्गेश शराफ 48 वर्ष का 10 फरवरी को निधन हो गया जिनकी अंत्येष्टि 11 फरवरी को सुबह 10 बजे गृह ग्राम मस्तूरी में की जाएगी। वे विदेश एवं रत्नेश शराफ के बड़े भाई थे।

## चौक-चौराहों में होती रही चुनावी चर्चा, नगर पालिका-नगर पंचायतों में मतदान आज

# देर रात तक मतदाताओं से संपर्क करते रहे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगरीय निकाय चुनाव अंतर्गत नगर पालिका में 11 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। प्रत्याशी सुबह से लेकर देर रात्रि तक मतदाताओं से संपर्क में लगे रहे। नगर में जीत–हार को लेकर चौक–चौराहों से लेकर गली–मोहल्लों में चुनाव की चर्चा चल रही हैं।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर में मतदान से 48 घंटे पहले रविवार की शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार थम गया। उम्मीदवार अब अपने समर्थकों के साथ–साथ मतदाताओं के घर पहुंचकर दस्तक दे रहे हैं और समर्थन मांग रहे हैं। चुनाव मैदान में उतरकर अपने भाग्य आजमाने वालों के भाग्य का फैसला होने में अब कुछ घंटे ही शेष रह गए हैं। नाम वापसी के बाद से सभी उम्मीदवार प्रचार–प्रसार में दिन–रात एक कर दिए। इस बीच प्रचार के लिए गिनती के दिन मिलने के कारण हर प्रत्याशी को मनमाफिक प्रचार के लिए समय नहीं मिल पाया। चुनाव प्रचार की शोरगुल सोमवार शाम से थम गया। इसके बाद से भाजपा कांग्रेस प्रत्याशी के साथ–साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी घर–घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करने में जुट गए हैं। नगर में इन दिनों चुनावी घमासान मचा हुआ हैं। भाजपा कांग्रेस के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने–अपने जीत के दावे कर रहे हैं। प्रचार थमने के बाद वे डोर टू डोर दस्तक देना शुरू कर दिए हैं। चौक–चौराहों से लेकर गली–मोहल्लों में परिणाम को लेकर अटकलों का दौर भी चल रहा हैं। प्रत्याशी से लेकर कार्यकर्ता तक जीत–हार के गुणा भाग में खुद उलझे हुए हैं। जीत के दावे करने से कोई चूक नहीं रहा हैं। अब देखना हैं कि इनमें से कितने प्रत्याशियों के दावे सच साबित हो पाते हैं।

### साव स्कूल परिसर में मतदान सामग्री वितरित

**मुंगेली।** नगरीय निकाय चुनाव हेतु नगर पालिका मुंगेली, नगर पंचायत बरेला और जरहागांव के लिए मतदान कर्मियों को शासकीय बी.आर. साव स्कूल परिसर में मतदान सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव ने बी.आर.साव स्कूल परिसर में मतदान दलों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मतदान कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए आपसी समन्वय स्थापित कर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने की अपील की।

### केंवटीडीह टांगर में पंच सरपंच निर्विरोध चुने गए

**मस्तूरी।** ग्राम विकास के सपने को लेकर विकासखंड मस्तूरी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत केंवटाडीह टांगर में ग्राम वासियों ने वापसी सामंजस्य के साथ गांव के युवा कांग्रेस नेता भोलाराम साहू को निर्विरोध सरपंच चुन लिया है। साथ ही गांव के सभी 12 वार्डों में निर्विरोध पंच का भी चुनाव किया गया है। इसके अलावा सूरज निराला ,अघनियां साहू ,राधिका जांगड़े ,लक्ष्मीन बंजारे, कारीबाई खांडें, हरभजन राय, संतराम ,सोनसाय कश्यप, अंबे कश्यप, साहू लल्ली, सुनील बंजारे और सूरज लहरें को पंच चुना गया है।गौरतलब हो की निर्विरोध निर्वाचन से अभिभूत नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि गांव के गली मोहल्लों में घूम-घूम कर ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### कलेक्टर-एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

**मुंगेली।** नगर पालिका मुंगेली अंतर्गत 22 वार्डोंर् के लिए कुल 42 मतदान केन्द्र बनाए गए है। जहां 14258 पुरूष मतदाता और 14618 महिला मतदाता सहित कुल 28 हजार 876 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले के नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए 18 एवं पार्षद पद के लिए 247 उम्मीदवार चुनाव के मैदान पर है। कुल 123 मतदान केन्द्रों में मतदान सम्पन्न होना है।

जिले के सभी नगरीय निकायों में 11 फरवरी को प्रातः 08 से शाम 05 बजे तक मतदान होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी निकायों में मतदान की तैयारी पूर्ण की जा चुकी है। निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। मतदान केन्द्रों में मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु सभी मतदान केन्द्रों में 600 से अधिक मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने नगरीय निकाय निर्वाचन में सभी मतदाताओं से शत–प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। उन्होंने मतदाताओं से कहा है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़कर हिस्सा लें और लोकतांत्रिक कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण है, अतः मतदाता निर्भीक होकर तथा बिना किसी प्रलोभन के अपने मत का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से प्रयोग करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मेनका प्रधान ने बताया कि सभी नगरीय निकायों में कुल 65 हजार 968 मतदाना मतदान करेंगे।



मतदान केन्द्र में तैयारियों का जायजा लेते कलेक्टर एवं एसपी।

### नगर पंचायत जरहागांव, बरेला में मतदान केंद्रों की तैयारी पूर्ण

**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में सीएमओ चंद्र भूषण बांधे के मार्गदर्शन में 15 मतदान केंद्रों का पूर्ण तैयारी कर ली गई है। मतदान केंद्रों में बिजली ,पानी, मतदाताओं के लिए टेंट लगाया गया साथ ही सुरक्षा बल की तैनात है। नायब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव ने बताया कि नगर पंचायत बरेला में कुल मतदाता संख्या 5060 हैं तथा 15 वार्ड है जिनके लिए 15 मतदान केंद्र बनाया गया है जिसमें नवीन हाई स्कूल में आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। शासकीय प्रा शाला में 2, 3 माध्यमिक शाला में 6, 7, 8, 9, 10 हाई स्कूल में 1, 4, 5 प्राथमिक शाला बड़े बरेला में 11,12, तथा आवास पारा प्राथमिक शाला में 13,14,15 नंबर का मतदान केंद्र बनाया गया है ।इसी तरह नगर पंचायत जरहागांव में सीएमओ सुरेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मदतदान केंद्रो समुचित व्यवस्था किया गया है ।नायब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव में बताया कि नगर पंचायत जरहा गांव में कुल मतदाता 3862 तथा वार्ड 15 है मतदान के लिए 15 मतदान केंद्र बनाया गया ।शासकीय प्राथमिक शाला भवन में मतदान केंद्र 1,2,3,4,6,7 साहू भवन में 5,6 दिलवापार आंगन बाड़ी केंद्र 8 गांधी मैदान 9 जहां आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया ,बाजार परिसर में 10,11,12, तथा शासकीय उच्च मा शाला कुटेलीपारा 13,14,15 का मतदान केंद्र बनाया गया जहा बिजली पानी,सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदाताओं के लिए टेंट आदि लगाया गया है। दोनों नगर पंचायत में प्रातः8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जा सकेगा।

### नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान दल रवाना



**लोरमी।** नगर पालिका में चुनाव सम्पन्न कराने आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा 18 वार्ड में 21 मतदान केन्द्र बनाया गया। जिसमें कुल मतदाता 15244 है। पुरुष 7492, महिला 7752 अन्य निरंक है। मतदान दल रवाना किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष के लिये तीन एवं 16 वार्डो में पार्षद पद के लिए 38 प्रत्याशी मैदान में है। दो आदर्श मतदान केंद, हाईस्कूल के आत्मानंद स्कल एवं नगर के तुलसाघाट मतदान केंद्र क्रमांक.15 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल मतदान केंद्र क्रमांक 20 शासकीय प्राथमिक शाला नवीन भवन तुलसाघाट शामिल है। स्ट्रांग रूम आत्मानन्द स्कूल एवं मतगणना स्थल भी यहीं बनाया गया है। हाईस्कूल से एसडीएम रिटर्निंग अफसर अजीत पुजारी ने दल को मतदान स्थल के लिए मतदान कर्मचारियों को वाहन से रवाना किया। अवसर पर एसडीओपी माधुरी धिरही, नायब तहसीलदार सीपी सोनी, प्रकाश यादव, सीएमओ लालजी चंद्राकर, टीआई अखिलेश बैष्णव,सेक्टर ऑफिसर विवेक साहू, डीएस राजपूत, कमलेश राठौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### ग्राम कर्रा में सरपंच समेत सभी पंच निर्विरोध चुने गए



**सीपत।** राजनीतिक द्वंद्व व आपसी मनमुटाव से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश का एक गांव ऐसा भी है जहां के ग्रामीणों ने आपस मे मिलजुलकर अपना सरपंच व पंच का चुनाव कर लिया है। बिलासपुर जिले के मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत कर्रा के ग्रामीणों ने आपसी सहमति व सामंजस्य से अपने सरपंच व 10 पंचों को निर्विरोध चुनकर इतिहास रच दिया। सभी जनप्रतिनिधियों का कहना है कि उनका उद्देश्य राजनीति से ऊपर उठकर एकता का परिचय देते हुए सामूहिक विकास और सामाजिक एकता को प्राथमिकता देना है। मस्तूरी विकासखंड के ग्राम कर्रा में लगभग 1300 जनसंख्या है जिसमें 840 मतदाता है। यहां कुल 10 वार्ड है। जिसमें एक सरपंच , 7 महिला एवं 3 पुरुष पंच निर्विरोध रूप से चुने गए। सरपंच के रूप में श्रीमती जयंती संजय पटेल व एक से दस वार्ड के लिए पंच कुंतीबाई, विश्वनाथ बिंझवार, शबनम यादव, रिंकू शर्मा, शकुनबाई बिंझवार, बजरंग साहू, चमेली साहू, जयकुमारी बिंझवार, रामबाई बिंझवार, सविता धीवर को चुना गया है।

### एसडीएम ने मतदान दल को किया रवाना




**तखतपुर।** मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को एसडीएम एवं रिटर्निंग आफिसर डॉक्टर ज्योति पटेल ने हरी झंडी देकर रवाना किया। नगर पालिका तखतपुर के लिए 15 वार्ड और एक अध्यक्ष के लिए 11 फरवरी को मतदान होना है। इसके लिए तखतपुर में 25 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।जहां पर आज सभी मतदान केंद्र में मतदान दल के पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक एक, मतदान अधिकारी क्रमांक 2, मतदान अधिकारी क्रमांक 3 सभी को निर्वाचन सामग्री एवं मशीन सहित अन्य दस्तावेजों को देकर उन्हें मतदान केंद्र तक कुशल पहुंचाया गया।11 फरवरी को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। और उस दिन अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए मतदान किया जाएगा। और यह मतदान ई व्ही एम के माध्यम से होगा। प्रत्येक मतदाता अध्यक्ष और पार्षद दो पदों के लिए एक साथ मतदान करेगा।साथी मतदान दलों को बस से रवाना किया गया।उस बस को रिटर्निंग ऑफिसर डॉक्टर ज्योति पटेल ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंकज सिंह सहित जितेंद्र शुक्ला, श्याम वस्त्रकार, प्रतीक तिवारी, सुमित कुमार अस्थाना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## लोरमी में हुए विकास का आशीर्वाद देगी जनताः सुजीत



**लोरमी।** नगर के विभिन्न वार्डो में भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी सुजीत वर्मा ने देर शाम तक विभिन्न वार्डो के जनसम्पर्क से महिलाएं, बुजुर्ग एवं युवाओं ने जनसमर्थन देकर आशीर्वाद दिए। सुजीत वर्मा ने भाजपा द्वारा जारी किए सन्कल्प पत्र से लोगो को अवगत करा रहे हैं। भाजपा सरकार ने जो बोला है, वही किया है। विधायक अरुण साव के नेतृत्व में विकसित लोरमी बनाने संकल्प ले रहा हूं। मैं कोई बड़ा आदमी नहीं हूं। सामान्य वर्ग में रहकर सेवा करूंगा। नगर के प्रतिभावान छात्रों को आगे बढ़ाएंगे। सुजीत ने बताया कि उनको बडे बुजुर्गों एवं महिलाएं ,युवाओं ने भारी समर्थन देकर आशीर्वाद दे रहे हैं। वार्ड 1, 2-3-4,14,15 मे अध्यक्ष प्रत्याशी सुजीत वर्मा एवं वार्ड पार्षद का डोर टू डोर जनसम्पर्क साथ मे बीजेपी के वरिष्ठ नेता कोमल गिरी गोस्वामी, अंजना दास , विनय साहू , गुरमीत सलूजा ,रवि शर्मा दिनेश साहू ,रामेश्वर बंजारे, महाजन जायसवाल , शैलेन्द्र सलूजा,अमिताभ तिवारी, श्रेय त्रिपाठी, दुष्यंत खत्री , तामेश्वर साहू विकास केशरवानी ,मुकुल तिवारी , हितेश सपरिया, मदन तिवारी, दीपक प्रजापति सहित बड़ी संख्या में नगर के लोग उपस्थित रहे।

## मैं नई पीढ़ी के लिए सुरेंदर कौर मक्कड़ साबित होकर दिखाऊंगी : पूजा

**तखतपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी पूजा रविंदर कौर मक्कड़ का नगर में सघन जनसंपर्क चल रहा है और साथ साथ चल रही नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सुरेंदर कौर मक्कड़ जिनके पास तखतपुर नगर में ऐतिहासिक विकास के अपने 15 वर्षों के अनुभवों का खजाना है। श्रीमती मक्कड़ ने कहा कि राजनीति हमारा कभी पेशा नहीं रहा है। यह तो एक सेवा भावना है और तखतपुर नगर की माटी का कर्ज चुकाने का एक रास्ता है। जिस पर चलकर हमने जनता से मिले प्रेम समर्थन के बदले में उन्हें सुख सुविधाओं का वह मंजर स्थापित करके दिया है जिसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की थी। हमारे भारतीय संस्कार और परंपरा के अनुसार सास हमेशा अपनी बहू को घर की जिम्मेदारियां देकर इत्मीनान और राहत की सांस लेती है। इस तरह मैं भी तखतपुर के विकास की चाबी अपनी बहू को देने का संकल्प लेकर आपके दरवाजे पर आई हूं। मैं अभी भी आपकी सेवा करने को तैयार हूं पर उम्र और सेहत अब उतना साथ नहीं दे रहा है।



इसीलिए पूजा मक्कड़ मेरे पुराने अनुभव और पूजा मक्कड़ के नए जमाने की सोच से यह डबल रोल भूमिका करेंगी और मैं विश्वास दिलाती हूं कि जितना विकास कार्य मैंने 15 वर्षों में किया है उससे ज्यादा यह इस 5 वर्ष में करके दिखाएगी। नगर पालिका कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी पूजा मक्कड़ ने कहा कि जिस तरह मेरी सास ने एक आदर्श स्वरूप के साथ तखतपुर की महिलाओं के लिए राजनीति में आगे आने की प्रेरणा साबित हुई और आप सभी का आशीर्वाद पाकर मैं उस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नई पीढ़ी के लिए सुरेंदर कौर मक्कड़ बनना चाहती हूं ताकि विकास की गति जो तखतपुर नगर में थम गई है। उसे रफ्तार के साथ आसमान से भी ऊंचा ले जा सकूं।

## पालिका चुनाव में जनता का रुझान भाजपा की ओरः साव



**मुंगेली।** नगरीय निकाय चुनाव में आपका एक वोट शहर की उन्नति और आपके बेहतर भविष्य की नींव रखेगा। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संदेश कहा कि शैलेश पाठक को अध्यक्ष सहित 22 वार्ड में भाजपा को जिताएं। नगर पालिका चुनाव में जनता का रूझान भाजपा की ओर है। मुंगेली नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भाजपा प्रत्याशी शैलेष पाठक एवं भाजपा पार्षद प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोरों पर है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी शैलेष पाठक को उनके प्रचार अभियान में महिलाओं और युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी शैलेश पाठक ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्हे सभी वर्गो का समर्थन मिल रहा है। जिससे भाजपा के पक्ष में माहौल बना हुआ है। उनकी प्राथमिकता जल निकासी, स्वच्छता, सड़क निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करना है।

### बायपास मार्गों पर खड़े वाहनों से बढ़ा हादसे का खतरा

**कोरबा।** शहर के चारो तरफ बायपास मार्ग है। इन मार्गों पर कोयला लोड भारी वाहनों का दबाव रहता है। चालक भारी वाहनों को बायपास मार्ग पर कहीं भी खड़ी कर रहे हैं। दूसरी ओर मार्गों में प्रकाश व्यवस्था की कमी है। अधिकांश वाहनों के पीछे ना तो रेडियम लगा होता है और ना ही चालक इंडिकेटर जलाते हैं। इसकी वजह से वाहन चालक वाहनों में जा घुसते हैं। इससे बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है। बावजूद इसके समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर से लगे सर्वमंगला मार्ग, राताखार, बुधवारी, शारदा विहार, गौ-माता चौक, कुसमुंडा, कुचैना मार्ग सहित कई ऐसे बायपास मार्ग है, जो शहर से लगा हुआ है। यह शहर को जोडने वाला मुख्य मार्ग है। इनमें से कुसमुंडा, तरदा-कनकी मार्ग निर्माणाधीन है। इसकी वजह से मार्ग पर स्ट्रीट लाइट नहीं है।

## नेशनल अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित हुए आशीष

**सेतगंगा/मुंगेली।** खेलो यूथ ताइक्वांडो फेडरेशन के तत्वावधान में 8 और 9 फरवरी को नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप एवं नेशनल अचीवमेंट अवार्ड सेरेमनी का आयोजन बिलासपुर तिफरा के अभिलाषा परिसर कान्फ्रेंस हाल में आयोजित किया गया। जिसमें खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आशीष यादव को नेशनल अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एवं खेलो ताइक्वांडो यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव मास्टर गणेश सागर के हाथों यह अवार्ड दिया गया। उल्लेखनीय है कि आशीष यादव मुंगेली जिले के ग्राम सेतगंगा के निवासी है एवं ताइक्वांडो मे साउथ कोरिया से प्रथम डान ब्लैक बेल्ट हैं और पहले भी कई बार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं एवं यह इनका पांचवा अवार्ड रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में




सम्मानित खिलाड़ी आशीष यादव।

ए.बी.वी.पी. के पूर्व प्रदेश मंत्री शुभम जायसवाल, अरपा रिवर वैली इंटर नेशनल स्कूल बिलासपुर के चेयरमेन ड. किरण सिंह चावला, उप पुलिस निरीक्षक संजीव ठाकुर, प्रदेश कराते संघ के डायरेक्टर रमाकांत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पूरे देश भर से आये ताइक्वांडो खिलाड़ी एवं मास्टर उपस्थित थे।

## जनपद सदस्य प्रत्याशी पर छह लोगों ने किया जानलेवा हमला

**जरहागांव।** जनपद पंचायत के भाजपा प्रत्याशी डॉ रामकुमार साहू पर अज्ञात तत्वों ने जान लेवा हमलाकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में मामले की शिकायत कीहै।

मामला जरहागांव थाना के धनगांव गोसाई की जहां जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 20 धनगांव की है जहां के जनपद सदस्य प्रत्याशी डॉ रामकुमार साहू पर अचानक छह-सात लोगों ने हमला कर दिया आसपास के लोगों के बीच बचाव करने पर आरोपी वहां से फरार हो गए। बताया जाता है कि सोमवार प्रातः 9 बजे डॉ रामकुमार घर में था। उनके घर के पास छह सात लोग पहले से खड़े थे। उन्होंने जैसे ही मौका मिला जनपद सदस्य प्रत्याशी डॉ रामकुमार साहू को आवाज देकर बुलाया और कालर पकड़कर नीचे पटककर लात घूंसे से मार पीट कर उसका गला दबाने लगे। उक्त घटना से भयभीत जनपद सदस्य प्रत्याशी डॉ रामकुमार साहू ने कुछ लोगों के साथ जरहागांव थाने पहुंचकर लिखित में शिकायत दर्ज कराकर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा सुरक्षा की मांग की है।

### की जा रही जांच

जनपद क्षेत्र धनगांव गोसाई के प्रत्याशी डॉ रामकुमार साहू ने अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मार पीट करने की शिकायत थाने में की है। पुलिस ने टीम भेज कर मौके की जांच की है। अज्ञात हमलावरों की पातासजी की जा रही है।

सुशील कुमार बंछोर
थाना प्रभारी, जरहागांव

**न्यायालय श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

प्रो. क्र. :-
व्यवहार वाद क्र. :- 180 (अ)/2023
आदेश दिनांक :-21/01/2025
पेशी तारीख-17/02/2025

अशोक कुमार कमल वगैरह ...आवेदकगण/वादीगण
बनाम
श्रीमती गीता बाई वगैरह .....
अनावेदकगण/प्रतिवादीगण

मान्यनीय न्यायालय में वादीगण अशोक कुमार कमल वगैरह ने प्रतिवादी क्रं. 01 श्रीमती गीता बाई एवं प्रतिवादी क्रं. 04 दयावती देवी एवं अन्य प्रतिवादीगणों के विरूद्ध व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है।
प्रतिवादी क्र. 01 श्रीमती गीता बाई उम्र 66 वर्ष पति शत्रुधन प्रसाद गुप्ता उर्फ राजकुमार, निवासी गौरव इलेक्टानिक्स एवं फैन्सी लाईट, शेफर स्कूल चौक, मुंगेली रोड, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं प्रतिवादी क्र. 04 श्रीमती दयावती देवी उर्फ देवन्ती देवी, पति रमेश प्रसाद निवासी दिलेश्वर ठाकुर का मकान, ग्राम व पोस्ट ढेका, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. को इस समाचार पत्र में प्रकाशन के द्वारा उक्त व्यवहार वाद का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है उक्त व्यवहार वाद में न्यायालय श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर के न्यायालय में पेशी दिनांक 17/02/2025 को न्यायालीन कार्य अवधि में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में उपस्थित होकर दावा आपत्ति एवं जवाब प्रस्तुत कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेंवे, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश नियत पेशी दिनांक 17/02/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई, न्यायालय के आगामी कार्य दिवस में किया जावेगा ।
अतः आज दिनांक 04/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

**श्रीमती जसविंदर कौर आजमानी मलिक**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार संजय जोतवानी पिता स्व. परसराम जोतवानी निवासी- हेमु नगर, चन्द्रा चौक के पास, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं जो कि श्री प्रकाश मराठा पिता श्री नत्थू राव मराठा निवासी- हेमूनगर बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं हक की भूमि मौजा तोरवा, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमिमय मकान खसरा नंबर 859/4 एवं खसरा नंबर 859/5 रकबा 0.0160 हेक्टेयर एवं रकबा 0.0160 हेक्टेयर खुली भूमि एवं मकान निर्मित है जो समस्त राजस्व अभिलेखों में प्रकाश मराठा के नाम पर दर्ज है जिसे क्रय किये जाने का पक्का सौदा कर दी गई है। भविष्य में उक्त खसरा नंबर की भूमि का पंजीयन किया जाना है। उक्त खसरा नंबर की भूमि पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 15 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावे। जिस संबंध में कोई भी व्यक्ति संस्था, राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्थान या आमजन क्रय विक्रय का संव्यवहार न करें अन्यथा उक्त संव्यवहार अवैध शून्य होगा तथा उन्हें किसी भी प्रकार का स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त नही होगा तथा विभिन्न प्रकार के कानूनी विवादों में उलझना पड़ेगा। इसलिये यह आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूं। सो सूचना जानें।
दिनांक–10/02/25
स्थान– बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**विजय शर्मा- अधिवक्ता**
**कार्यालय- शांति नगर रिंग रोड नं. 02, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. - 9826194130**

**न्यायालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस**

अपील प्रकरण क्रमांक 52/अ–6/2021–22
मौजा–मल्हार तहसील–मस्तूरी
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)
महेन्द्र सिंह गांधी निवासी मल्हार तहसील–मस्तुरी जिला–बिलासपुर (छ.ग.)... आवेदक

**विरूद्ध**

प्रभुदयाल वगैरह निवासी मल्हार तहसील–मस्तुरी जिला–बिलासपुर (छ.ग.) ...अनावेदक
प्रति,
1. प्रभुदयाल आ. राजकुमार पाण्डेय 2. गायत्री आ. राजकुमार पाण्डेय 3. सरला आ. राजकुमार पाण्डेय 4. सरिता आ. राजकुमार पाण्डेय 5. अनिता आ. राजकुमार पाण्डेय 6. शांति पति स्व. रामनंदन 7. सालिनी आ. स्व. रामनंदन 8. भावना आ. स्व. रामनंदन 9. राजकुमार आ. स्व. रामभरोस सभी निवासी ग्राम मल्हार तहसील– मस्तुरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)
इस न्यायालय में विचाराधीन अपील प्रकरण क्रमांक 52/अ–6/2021–22 मौजा–मल्हार तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) पक्षकार महेन्द्र सिंह गांधी विरूद्ध प्रभुदयाल वगैरह जो न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तुरी प्रकरण क्रमांक 37/अ–6/2019–20 में पारित आदेश दिनांक 08/12/2021 के विरूद्ध प्रस्तुत है, में आपको उत्तवादीगण के रूप में पक्षकार बनाया गया है। उपरोक्त अपील प्रकरण में सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 20/03/2025 नियत है।
अत: उपरोक्त अपील प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 20/03/2025 को सुबह 11.00 बजे आप स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करें। प्रश्नाधीन अपील प्रकरण में उपरोक्त सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।
आज दिनांक 30/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
सील

**आयुक्त बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

10 FEB- BSP-PG-6-0_Layout 1 2/11/2025 12:37 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने रात में किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने मतदान के एक दिन पहले देर शाम शहर के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान के लिए पहुंचे दलों के सदस्यों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। मिशन स्कूल, तारबाहर, डीपी विप्र कॉलेज और व्यापार विहार स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित एसडीएम भी उपस्थित थे। कल 11 फरवरी को सवेरे 8 बजे से मतदान शुरू होगा।


### लोफंदी में चला विशेष साफ-सफाई अभियान



**बिलासपुर।** लोफंदी में पिछले सप्ताह हुई आकस्मिक मौत के बाद जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। गली-कूचों की साफ-सफाई, स्वास्थ्य जांच सहित एक साथ कई कदम उठाए गए हैं। ग्राम लोफंदी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर निगम की टीम ने गांव के गली-कूचों की सफाई की। पूरे सीवर सिस्टम को साफ किया गया। मच्छरों को भगाने के लिए फागिंग किया गया। नालियों में ब्लीचिंग पाउडर डालकर संक्रामक कीटाणुओं को नष्ट किया गया। डेंगू की आशंका के मद्देनजर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तालाबों के पानी की जांच के लिए नमूना एकत्र किया गया। बर्ड फ्लू की आशंका को ध्यान में रखते हुए पोल्ट्री के भी नमूने लिए गए। फिलहाल कुछ दिनों तक चिकन का सेवन नहीं करने की सलाह दी गई। वेटरिनरी विभाग की मोबाईल यूनिट द्वारा 8-10 सेम्पल लिए गए। मुर्गियों के आकस्मिक मृत्यु होने पर विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी घर-घर पहुंच कर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

### ड्राई डे में शराब बेचते दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने ड्राई डे में अवैध रूप से शराब बेचते दो युवकों को पकड़ लिया है। उनके पास से 305 बोतल देशी शराब जब्त की गई है।



जिला प्रशासन ने 11 फरवरी को नगर निगम चुनाव होने के कारण 10 फरवरी से शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। सोमवार को सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली कि लिंगियाडीह व अशोकनगर में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। पुलिस ने दबिश देकर शराब बेचते लिंगियाडीह निवासी मनोहर जगत पिता पतिराम जगत 53 साल व अशोकनगर में बंधवापारा निवासी संजय साहू पिता टेकराम साहू 31 साल को पकड़ लिया है। उनके पास से 305 नग देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने शराब जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**बहाने अजीब- बच्चा छोटा है, मैं हार्ट का मरीज हूं**

**कर्मचारियों ने पेट दर्द, उल्टी और अपच की समस्या बताई, जिला निर्वाचन कार्यालय का काटते रहे चक्कर**

# 2700 कर्मचारियों की लगी चुनाव ड्यूटी, 700 से अधिक पहुंचे नाम कटवाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में नगरीय निकाय चुनाव ड्यूटी से नाम हटवाने के लिए अजब-गजब बहाने बनाए गए। एक कर्मचारी ने पेट दर्द, उल्टी और अपच की समस्या तो एक ने मतदाता पेटी ना उठा पाने और आंख से धुंधला दिखने तो वहीं, कुछ कर्मचारी कह रहे हैं, चुनाव में पति पत्नी की ड्यूटी लग गई है, बच्चा कौन संभालेगा, मेरे अलावा कोई देखरेख करने वाला नहीं है।

हालांकि निवार्चन विभाग ने साफ कर दिया है कि गंभीर मामलों के अलावा चुनाव ड्यूटी से किसी का नाम नहीं काटा जाएगा। निकाय चुनाव के बाद पंचायत चुनाव से बचने के लिए भी इसी तरह के आवेदन जमा किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन विभाग में सुबह से शाम तक कर्मचारी नाम कटवाने के लिए चक्कर काट रहे हैं। दरअसल निकाय चुनाव के सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 2700 कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसमें 700 से अधिक कर्मचारी इलेक्शन ड्यूटी से नाम हटवाने के लिए आवेदन दे चुके हैं। एक कर्मचारी ने आवेदन दिया कि वह बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में रहता है चुनाव ड्यूटी की वजह से मतदान नहीं कर पाऊंगा, इसलिए मतदान मेरा मौलिक अधिकार है, इसलिए चुनाव ड्यूटी से मेरा नाम काट दिजिए। उधर निर्वाचन विभाग के मुताबिक गर्भवती महिलाएं या फिर बच्चे बहुत छोटे हैं, तो उनका बर्थ सर्टिफिकेट देखकर और गंभीर बीमारी से ग्रसित कर्मचारी की ही ड्यूटी हटाई गई है। बगैर किसी मजबूत कारण के ड्यूटी नहीं हटाई जाएगी।

### इस तरह के आ रहे आवेदन

- पति-पत्नी की ड्यूटी लग गई है, एक छोटा बच्चा है, सर प्लीज एक की ड्यूटी हटा दीजिए।
- रीढ़ की हड्डी में दर्द है, चल नहीं पा रहा हूं, मेरा नाम काट दीजिए।
- कमर के नीचे का हिस्सा काम नहीं कर रहा है, ऐसे में ड्यूटी करने में असमर्थ हूं।
- साहब, मैं हार्ट का मरीज हूं चुनाव ड्यूटी करना मेरे बस की बात नहीं।
- बुजुर्ग माता-पिता हैं, उनकी देखभाल मेरे जिम्मे है इसलिए चुनाव ड्यूटी ने दें।
- मुझे कैलोस्ट्रॉल की समस्या है, प्लीज मेरी ड्यूटी कटवा दीजिए।

### 11 माह में तीसरी ड्यूटी से शिक्षक परेशान

मंगलवार 11 फरवरी को निकाय चुनाव होने हैं। देखा जाए तो पिछले 11 माह में तीसरी बार चुनाव हो रहा है। इसमें सैकड़ों शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। बड़ी संख्या में अपना नाम ट्रेनिंग और ड्यूटी से कटाने के लिए शिक्षक पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर अगले महीने 1 तारीख से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। कोर्स भी पूरा नहीं हुआ है। इसके बाद भी शासन ने इनकी ड्यूटी लगाई है। चुनाव संबंधी काम तो पूरा होता है, लेकिन बच्चों की पढ़ाई पर इसका खासा असर पड़ता है। जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, इनमें साइंस, गणित और अंग्रेजी विषयों के टीचर्स भी हैं। तीनों ही विषय छात्रों के लिए कठिन माने जाते हैं। शिक्षकों के मुताबिक एक साल में तीन बार चुनाव होने से अब तक स्कूलों में 60-65 फीसदी कोर्स ही हो पाया है। ऐसे में बच्चों के रिविजन और बाकी कोर्स के लिए शिक्षकों पर भी काफी बोझ है।

### केस-1

आवेदन देने आए एक शिक्षक ने बताया कि लोकसभा और विधानसभा के बाद फिर चुनाव ड्यूटी लगा दी है। स्कूल में 60% कोर्स ही पूरा हुआ है। यह बच्चों के साथ नाइंसाफी है। पढ़ाना मुश्किल हो चुका है। शिक्षकों से एक सत्र में तीन बार चुनाव ड्यूटी कराना गलत है।

### केस-2

निर्वाचन विभाग में दिए गए एक आवेदन पर नजर डालें तो पति-पत्नी की ड्यूटी लग गई है, एक छोटा बच्चा है, सर प्लीज एक की ड्यूटी हटा दीजिए तो दूसरे आवेगन में एक शिक्षक ने लिखा है कि रीढ़ की हड्डी में दर्द है, चल नहीं पा रहा हूं, मेरा नाम काट दीजिए।

### बिना कारण ड्यूटी नहीं कटेगी

गर्भवती महिलाएं या फिर बच्चे बहुत छोटे हैं तो उनका बर्थ सर्टिफिकेट देखकर और गंभीर बीमारी से ग्रसित कर्मचारी की ही ड्यूटी हटाई गई है। बगैर किसी मजबूत कारण के ड्यूटी नहीं हटाई जाएगी। संबंधित कर्मचारी की शादी है तो भी विचार किया जा सकता है।

**- शिव बनर्जी**
उप जिला निर्वाचन अधिकारी

---

**वार्डवार बनाए गए थे अलग-अलग काउंटर, परिसर में चारों तरफ रही भीड़भाड़**

# इंजीनियरिंग कालेज स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान दलों की रवानगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय निकाय चुनाव तहत सातों निकायों के संबंधित मुख्यालयों से सोमवार को मतदान दलों की रवानगी हुई। नगर निगम बिलासपुर के 70 वार्डो में पार्षद व महापौर पद के लिए चुनाव कराने कोनी स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज स्थित स्ट्रांग रूम से 509 मतदान दल ईवीएम समेत चुनाव सामग्री लेकर बस आदि वाहनों से रवाना हुए और दोपहर तक मतदान केन्द्रों में मतदान दल पहुंचने की ओके रिपोर्ट भी मिल गई। सामग्री वितरण के चलते इंजीनियरिंग कालेज परिसर में चारों तरफ लोगों की भीड़ नजर आ रही थी।

- **मतदान दल दोपहर तक पहुंच गए केन्द्रों में**

नगर पालिक निगम बिलासपुर के 70 वार्डो में पार्षद एवं महापौर का चुनाव कराने आज गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कोनी स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान दलों को सामग्री वितरण किया गया। वार्डवार अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे, जहां से ईवीएम सहित चुनाव सामग्री वितरित किया गया ओर सामग्री वितरण के लिए 300 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई थी। इससे पूर्व सुबह प्रत्याशियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोला गया और सामग्री वितरण के लिए बनाए गए काउंटरों से मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों ने अपने-अपने मतदान केन्द्रों के लिए सामग्री प्राप्त किया। नगर निगम सीमा अंतर्गत 509 मतदान केन्द्रों के लिए उतने ही मतदान दल निर्धारित रूटों से बस आदि वाहनों में बैठकर रवाना हुए।



सोमवार को कोनी स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज स्ट्रांग रूम से सामान लेकर रवाना होते मतदान दल के सदस्य।

### निरीक्षण करने पहुंचे राज्य निर्वाचन आयुक्त

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के अंतर्गत मतदान पूर्व तैयारियों का जायजा लेने आज



बिलासपुर पहुंचे थे। निर्वाचन आयुक्त ने कोनी स्थित स्ट्रांग रूम में अधिकारियों की बैठक लेकर मतदान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्ट्रांग रूम का बारीकी से जायजा लिया। निर्वाचन आयुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों पर संतोष जताया। उन्होंने मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, पुलिस नोडल अधिकारी ओपी पाल, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण एसपी रजनेश सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी, एडीएम आर कुरूवंशी भी उपस्थित रहे। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने स्ट्रांग रूम को निरीक्षण किया और मतदान दलों से चर्चा की। मतदान दलों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी देखा। निर्वाचन आयोग की चेकलिस्ट के अनुरूप तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, मतदान केन्द्रों में आपके द्वारा की गई तैययारियां अच्छी है।

### मशीन से हो चुकी है दो वोटिंग: सिंह

बिलासपुर चुनावी दौरे पर पहुंचे राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कोनी स्थित स्ट्रांग रूम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव एक साथ कराए जा रहे हैं, जिसमें पहले चरण में नगरीय निकाय चुनाव तैयारी की जायजा लेने और समीक्षा करने आए हैं। यहां चुनाव की सारी तैयारी पूरी हो गई है और स्ट्रांग रूम से सामग्री वितरण भी हो गया है। एक ईवीएम मशीन से दो वोटिंग कराए जाने के प्रश्न पर उनका कहना था कि इसी ईवीएम मशीन से पहले भी 2014 के स्थानीय चुनाव में एक मशीन से दो वोटिंग हो चुका है। इस बार भी पूरी चेकिंग के बाद ईवीएम से चुनाव कराया जा रहा है। यह एम टू जनरेशन का मशीन है जिसमें वीवीपैट का प्रावधान नहीं है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर राज्य निर्वाचन आयोग जिलों से रिपोर्ट लेती है। जिला स्तर पर शिकायतों का जिलो में निराकरण किया जाता है और आब्जर्वर के पास भी शिकायत आती है, जिन पर कार्रवाई होगी। लेकिन राज्य स्तर पर इस तरह की शिकायत कम आई है।

---

**अरपा नदी में गंदा पानी**

## हाईकोर्ट ने ट्रीटमेंट कार्ययोजना पर मांगा निगम आयुक्त से जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अरपा नदी में प्रदूषण को रोकने, संरक्षण और संवर्धन को लेकर लगाई गई जनहित याचिका पर अब बुधवार 12 फरवरी को सुनवाई होगी। इसमें कोर्ट ने नगर निगम आयुक्त से एक व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल कर गंदे पानी के ट्रीटमेंट के लिए डीपीआर स्टेटस को लेकर जवाब मांगा है।

मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविंद्र कुमार अग्रवाल की बेंच में सुनवाई के दौरान ट्रीटमेंट के बिना 70 नालों के गंदे पानी को प्रत्यक्ष रूप से अरपा नदी में छोड़े जाने की जानकारी दी गई। कोर्ट ने कहा कि अगर कार्ययोजना बनाई है तो उसकी विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश करें। कोर्ट ने कहा है कि विस्तारित योजना के साथ ही किए जाने वाले स्थायी कार्यों की जानकारी दें और कब-कब क्या काम पूरे किए जाएंगे, इसे लेकर भी रिपोर्ट पेश करें। हाईकोर्ट ने कहा है कि शासन-प्रशासन यह व्यवस्था करे कि ड्रेनेज वाटर क्लीन होकर ही अरपा नदी में छोड़ा जाए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और नगर निगम की तरफ से अधिवक्ता आर एस मरहास ने अपना पक्ष रखा। जिसमें बताया गया कि 10 दिसम्बर 2024 को सभी पहलुओं में शपथपत्र दाखिल कर दिया गया है। सुनवाई के दौरान नगर निगम प्रशासन का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता मरहास ने कहा कि अभी मौजूद एसटीपी के माध्यम से मार्च 2025 तक 60% गंदे पानी को ट्रीटमेंट का लक्ष्य पूरा किया जासकता है।

## 5 साल से बार काउंसिल में चुनाव नहीं हाईकोर्ट ने बीसीआई से मांगा जवाब

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के चुनाव लंबे समय से नहीं हुए हैं, इस कारण कई जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। दो बार 6-6 माह की अवधि बढ़ाने के बाद फरवरी 2021 में कार्यकाल समाप्त होने के बाद से ही चुनाव नहीं हुए हैं। इसे लेकर लगातार पत्र मिलने के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने संज्ञान लिया है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया को जवाब देने के लिए कहा गया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के लिए चुनाव फरवरी 2015 में हुए थे। इसका कार्यकाल फरवरी 2020 था। कोरोना के कारण इसके बाद दो बार 6-6 माह का कार्यकाल बढ़ाया गया। यह भी फरवरी 2021 में समाप्त हो गया। इसके बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने चुनाव होने तक के लिए विशेष समिति का गठन किया। इसमें महाधिवक्ता पदेन अध्यक्ष और दो वकीलों को कार्यकारी सदस्य बनाया गया। नियमों के अनुसार 6-6 माह की अवधि भी दो बार ही बढ़ाई जा सकती थी, इसके बाद कार्यकाल बढ़ाने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया को बाकायदा कारण का उल्लेख करते हुए आदेश जारी करना था। चुनाव नहीं होने के कारण नए अधिवक्ताओं के रजिस्ट्रेशन, अधिकारों की रक्षा जैसे कार्य 2021 से ठप हैं।

---

# महिला से हुज्जतबाजी करने वाले युवक को जीआरपी ने पकड़ा



**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन में महिला सवारी से हुज्जतबाजी करने वाले युवक को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। युवक को रोकने गए जीआरपी आरक्षक को सिरफिरे युवक ने चांटा मार दिया था। जीआरपी ने युवक पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की है।

- **युवक ने आरक्षक को मारा चांट**

जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर 2.45 बजे प्लेटफार्म नंबर 2 पर सक्ती निवासी महिला अपने बच्चे को लेकर जा रही थी। महिला ने खाने की वस्तु खरीदने के लिए दूर खड़े वेंडर को आवाज लगाई। प्लेटफार्म पर बैठा हेमूनगर निवासी नरेन्द्र राय महिला के पास पहुंचा और उसके साथ धक्का-मुक्की करने लगा, जिससे महिला घबरा गई और वेंडर को आवाज देकर बुलाया। महिला की आवाज सुनकर जीआरपी थाने का आरक्षक महिला के पास पहुंचा और युवक को समझाइश देने लगा। युवक आरक्षक से भी हुज्जत करते हुए गाली-गलौच करने लगा। आरक्षक ने उसे थप्पड़ मारा तो बदले में युवक ने भी आरक्षक को दो चांटा मार दिया। प्लेटफार्म में हंगामा होते देख जीआरपी के दो आरक्षक युवक को पकड़कर थाने ले गए। जीआरपी ने युवक पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की।

- **स्वास्थ्य सचिव के निर्देश पर उपसंचालक ने की कार्रवाई**

# आयुष्मान योजना में कर रहे थे गफलत राज्य की टीम ने की कार्रवाई, एक को दी चेतावनी

**बिलासपुर।** आयुष्मान योजना में मरीजों के साथ लूट खसोट और ज्यादा बिल बनाने वाले अस्पतालों पर बड़ी कार्रवाई की है। 5 अस्पताल को एक साल के लिए डिसइम्पेनलमेंट किया गया है। वहीं 3 अस्पताल को 5 महीने एक अस्पताल को 6 महीने और एक को चेतावनी दी गई है। आयुष्मान योजना से निलंबित किया गया है। स्वास्थ्य सचिव के निर्देश पर स्वास्थ्य संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला ने अस्पतालों का औचक निरीक्षण कराने के लिए जांच टीमें बनाई थीं। जांच दल में शामिल अधिकारियों द्वारा जांच के दौरान स्थानीय अधिकारियों को जानकारी नहीं दी जाती है। जांच के दौरान मिली खामियों की जानकारी देने के लिए नोटिस भेजा जाता है, तब सीएमएचओ कार्यालय को इसकी जानकारी होती है।

### कई बड़ी खामियां लगी थी हाथ

जांच के दौरान गंभीर खुलासे हुए थे। अस्पताल संचालक रजिस्टर में मरीजों की संख्या ज्याद एंट्री की गई थी मगर अस्तपाल में कम मरीज मिले थे। याने ज्यादा मरीज दिखाकर आयुष्मान योजना को चूना लगाया गया।

### 9 अस्पतालों को किया गया है बाहर

जिले के 9 अस्पतालों को आयुष्मान से बाहर कर दिया गया है। वहीं 1 अस्पताल को चेतावनी दी गई है। अस्पतालों में मरीजों से ज्यादा पैसा लेने और डाक्टरों की कमी पाई गई है। वहीं संसाधन और डाक्टर स्टाफ भी नियमतः कम मिले थे।

**-डॉ प्रमोद तिवारी**, सीएमएचओ

## सकरी स्कूल की प्राचार्य की घर में मिली लाश

**बिलासपुर।** सकरी स्कूल की महिला प्राचार्य की घर के बिस्तर पर लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। लाश तीन से चार दिन पुरानी बताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, शुभम विहार आकाश मार्ग निवासी माया गुप्ता पति ईश्वर गुप्ता 60 साल सकरी शासकीय स्कूल में प्राचार्या थीं। वे पिछले 10 साल अकेले रह रही थीं। उनका एक बेटा है, जो मुंबई नौकरी करता है। वे अपने पति से अलग हो गई थीं। उनके घर के आसपास रिश्तेदार रहते हैं। कुछ दिनों से उनके घर का दरवाजा नहीं खुलने पर 10 फरवरी की शाम रिश्तेदार उनके घर गए, तो दरवाजा अंदर से बंद था और आवाज लगाने पर कोई जवाब नहीं मिल रहा था। रिश्तेदारों की सूचना पर डायल 112 के सिपाही मौके पहुंचकर ताला तोड़कर अंदर गए तो श्रीमती गुप्ता बिस्तर पर लाश दिखी। सूचना पर टीआई श्री साहू स्टाफ के साथ उनके घर चले गए। पूछताछ में मृतका का भतीजा नितिन गुप्ता ने बताया, श्रीमती गुप्ता अकेले रहती थीं और हमेशा खुला बदन सोती थी। लाश 3 से 4 दिन पुरानी बताई जा रही है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।







